खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 21 नवम्बर 2024 | वर्ष –69 | अंक –09 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ धधक रहा मणिपुर...
■ फेक नैरेटिव को लेकर... 04
■ इजरायल का ऐलान, एक बंधक की सूचना..
■ गैंगस्टर अनमोल विश्नोई अमेरिका में हुआ... 09
■ असली हीरे के नाम पर चूना नहीं लगा सकेंगे..
■ भारतीय एयर टेल ने नोकिया को दिया... 11
■ विराट को ऑस्ट्रेलिया...
■ हार्दिक फिर से बने... 10

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शा. चिकित्सा महाविद्यालय का करेंगे भूमि-पूजन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को उज्जैन में मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भूमि-पूजन करेंगे। चिकित्सा महाविद्यालय 550 बेड की क्षमता वाला होगा। इसमें 150 मेडिकल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्रदान की जायेगी। लगातार 24 घंटे आपातकाल सेवा देने वाले इस अस्पताल में जनरल और सुपर स्पेशिएलिटी ओपीडी भी होंगे। मेडिसिटी में सुपर स्पेशिएलिटी एवं मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर, फार्मेसी, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र, विभिन्न उपचार हेतु वेलनेस केन्द्र, आयुष अस्पताल, पैरामेडिकल कॉलेज, एकीकृत एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा, इको-फ्रेंडली इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ाने की सुविधाएं होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चिकित्सा महाविद्यालय के भूमिपूजन के बाद टॉवर चौक पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।






### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-मणिपुर में इंटरनेट और मोबाइल फोन पर प्रतिबंध बढ़ा दिया गया है।

**चुहिया- हां प्रिये**- चिंगारी को दबाने से नहीं बुझाने से ही खतरा टल पाता है।

# झारखंड 67.59, महाराष्ट्र में 58.25 फीसदी मतदान

**रांची/मुंबई, ( एजेंसियां )।** झारखंड विधानसभा की 38 और महाराष्ट्र की 288 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार शाम मतदान शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया तथा इस दौरान क्रमशः 67.59 और 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने यहां बताया कि 38 विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम समाप्त हो गया और इस दौरान 67.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन क्षेत्रों के 31 मतदान केंद्रों पर शाम 4:00 बजे शाम ही मतदान समाप्त हुआ था जबकि शेष मतदान केंद्रों पर पांच बजे शाम मतदान समाप्त हुआ। दूसरे चरण के चुनाव में कुल 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में आज बंद हो गई। इसमें 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं जबकि एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार है।

जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में बंद हुई उनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, भाजपा के लोबिन हेंब्रम, भाजपा के अनंत कुमार ओझा, कांग्रेस के जेपी भाई पटेल और जेएलकेएम के जय राम महतो शामिल हैं।



'रेड माइक' के पत्रकार सौरभ शुक्ला ने मीरपुर का एक वीडियो शेयर किया है, जहां एक पुलिस वाला मुस्लिम वोटरों पर अपनी रिवॉल्वर लहरा रहा है।

- झारखंड में दूसरे चरण के चुनाव में 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में बंद
- प्रमुख उम्मीदवारों में हेमंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी शामिल
- महाराष्ट्र में गढ़चिरौली में सबसे अधिक 69.63 फीसदी मतदान

**मुंबई सिटी में सबसे कम मतदान**

उधर, महाराष्ट्र की 288 विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया, जो शाम छह बजे तक चला। इस दौरान 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य में गढचिरौली में सबसे अधिक 69.63 प्रतिशत और मुंबई सिटी में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि राज्य के कुछ मतदान केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में खराबी आने पर मतदान प्रकिया बाधित हुई और मतदान केन्द्र के बाहर मतदाताओं को लम्बी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। >>शेष पृष्ठ 2 पर

## उत्तर प्रदेश : पहचान पत्र मांगने के आरोप में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में पुलिसकर्मियों द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र जांचने के आरोप के मद्देनजर पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आयोग के संज्ञान में आया था कि कुछ मतदान केंद्रों पर पुलिस वाले मतदाताओं के पहचान पत्र चेक कर रहे हैं जो सही नहीं है। इस बारे में प्रथम दृष्ट्या जांच के उपरांत कानपुर और मुजफ्फरनगर में दो दो और मुरादाबाद में एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि मतदानकर्मी सभी मतदाताओं की आईडी चेक करेंगे। इस बारे में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए है। पुलिस आईडी चेक नहीं करेगी। पुलिस का काम पोलिंग बूथ की सुरक्षा करना है और अगर आगे भी ऐसी कोई शिकायत मिलेगी तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस बीच मुजफ्फरनगर में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ककरौली में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में कुछ लोग घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि झड़प की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ दिया।

### 7वें दिन भी एक्यूआई खतरनाक श्रेणी में

# प्रदूषण से लोगों की आंखों में बढ़ी चुभन

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** दिल्ली के लोगों को कोहरे और स्मॉग की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। बीते सात दिन से राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। आबोहवा में जहर घुल गया है। इससे लोगों के सीने में जलन, सांस लेने में तकलीफ और ज्यादा देर तक खुले में रहने से आंखों में भी चुभन हो रही है। वहीं, बुधवार को लगातार सातवें दिन हवा खतरनाक श्रेणी में दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 419 रहा, जोकि गंभीर श्रेणी में है। इसमें बुधवार के मुकाबले 41 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे प्रदूषित दर्ज की गई। देश में दिल्ली तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को भी हवा गंभीर श्रेणी में बरकरार रह सकती है। वहीं, सुबह के समय धुंध के साथ स्मॉग छाए रहने की आशंका है।

### दिल्ली में हॉफ लॉक डाउन

**दिल्ली का एक्यूआई**

| | |
|---|---|
| 14 नवम्बर | 426 |
| 15 नवम्बर | 402 |
| 16 नवम्बर | 435 |
| 17 नवम्बर | 452 |
| 18 नवम्बर | 494 |
| 19 नवम्बर | 460 |
| 20 नवम्बर | 419 |

**आवाजाही पर असर पड़ा**-इसके अलावा, पालम एयरपोर्ट में सुबह आठ बजे दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। जो सुधरकर सुबह 9 बजे 700 मीटर हो गई। वहीं, सफदरजंग एयरपोर्ट पर भी दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। जो उसके बाद सुधरकर सुबह साढ़े सात बजे 600 मीटर हो गई। इससे सड़कों पर आवाजाही पर असर पड़ा। सुबह से लेकर रात तक स्मॉग की चादर छाई रही। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही हल्का स्मॉग छंटने लगा। इसके बाद शाम ढ़लने के साथ ही एक बार फिर स्मॉग की चादर छाने लगी। ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। दूसरी ओर दिल्ली समेत एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए हॉफ लॉक डाउन जैसी पाबंदियां लगाई जा रही है। दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि अब सरकारी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मचारी घर से काम करेंगे और 50 फीसदी कार्यालय आएंगे। राजधानी में जैसे जैसे प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है सरकार की ओर से चीजों को लेकर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। ग्रेप-4 पहले ही लागू हो चुका है। स्कूल-कॉलेजों को बंद कर दिया है।

# मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ा

**इंफाल, ( एजेंसियां )।** मणिपुर में फैले तनाव के बीच राज्य सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को तीन दिन के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ाने का फैसला किया है। निर्देश के मुताबिक इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थूओबाल, चूराचांदपुर और कांगपोकपी में अगले तीन दिन तक मोबइल इंटरनेट बंद रहेगा।

मणिपुर सरकार ने राज्य में अशांति के चलते बंद की गई ब्रॉडबैंड सेवाओं को मंगलवार को तीन दिन बाद बहाल कर दिया था। गृह आयुक्त एन अशोक कुमार ने कहा था कि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। आदेश में कहा गया कि इंटरनेट प्रतिबंध ने महत्वपूर्ण कार्यालयों, संस्थानों और घर से काम करने वाले लोगों के कामकाज को प्रभावित किया है। लोगों की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं के मामले में सशर्त निलंबन हटाने का विचार किया है। वहीं मोबाइल इंटरनेट डाटा पर प्रतिबंध जारी रखने का फैसला किया है। मणिपुर में हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं। सैन्य बलों के अभियान में कुकी-जो समुदाय के 10 विद्रोहियों के मारे जाने के बाद जिरिबाम में मैतेई समुदाय के छह लोगों की लाशें मिलने से पूरे राज्य में जबरदस्त तनाव है। इसके बाद से ही पूरे क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के दामाद समेत कई विधायकों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया।

### हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं

# भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक कदम है गिफ्ट सिटी : मुख्यमंत्री

### डॉ. यादव ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी का किया अवलोकन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी)एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, यह भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार आकार ले रही गिफ्ट सिटी निवेशकों को बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। इसके माध्यम से भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक मानकों से तालमेल रखते हुए मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में प्रभावी रूप से गतिविधियों का संचालन करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात के >>शेष पृष्ठ 2 पर



# महाराष्ट्र में चुनाव के बीच कंटेनर से 10 हजार किलो की चांदी की ईंटे बरामद

**नासिक.।** राज्य में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कड़ी निगरानी कर रहे धुले पुलिस अधिकारियों ने जिले के शिरपुर के थालनेर गांव में गाड़ियों की चेकिंग के दौरान 94 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की लगभग 10,000 किलोग्राम चांदी की ईंटे जब्त की हैं। नासिक के विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्र्य कराले ने मामले की जानकारी देते हुए बताया, पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई में शिरपुर में एक कंटेनर में 94.68 करोड़ रुपये की 10 हजार किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद की गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक राज्य में इस समय मतदान चल रहा है। चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों की सख्ती से जांच की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने आज सुबह 5 बजे शिरपुर तालुका के थालनेर गांव में एक कंटेनर की तलाशी ली जिस दौरान यह चांदी बरामद की गई है। कंटेनर में मिली कीमती चीजें किसी बैंक से संबंधित बताई जा रही हैं और मामले की जांच जारी है।

### हाथरस एफसीआई गोदाम में दर्दनाक हादसा

# गेहूं में डालने वाला कीटनाशक खाकर 145 बंदरों की मौत

**हाथरस।** उप्र के हाथरस में बंदरों की मौत का चौंका देने वाला मामला सामने आया है। एफसीआई गोदाम में बंदरों ने गलती से जहर खा लिया और सबकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एफसीआई गोदाम रखे गेहूं में डलने वाली दवाइयां खाने से 145 बंदरों की मौत हो गई है। गोदाम के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। फिलहाल, प्रशासन ने इस मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।



**गौ रक्षकों ने किया हंगामा**-हाथरस के एफसीआई गोदाम में 145 बंदरों की दर्दनाक मौत हो गई है और वन विभाग को सूचना दिए बिना ही एफसीआई के कर्मचारियों ने उन्हें जेसीबी मशीन की मदद से दफना दिया है। जानकारी के अनुसार, गोदाम का जहरीला अनाज खाकर बंदरों की मौत हुई है। जिसके बाद एफसीआई गोदाम पर हिन्दू वादियों ने जमकर हंगामा काटा। हिन्दू वादियों का हंगामा देख मौके पर पहुंचे एसडीएम और सीओ फोर्स के साथ एफसीआई गोदाम पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल में जुट गए हैं। 145 बंदरों की मौत से हिंदूवादी संगठनों के साथ ही इलाके के लोगों में भी आक्रोश छाया है। वहीं, 145 बंदरों की मौत के बाद गोदाम प्रबंधक ने बंदरों की आत्मा की शांति के लिए सुंदरकांड का पाठ करने की कही बात कही है।

**गोदाम संचालक से पूछताछ जारी**-एसडीएम ने एफसीआई गोदाम संचालक सहित अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की। वहीं, एफसीआई पर तैनात टेक्नीशियन ने 145 बंदरों की मौत की बात प्रशासनिक अधिकारियों के सामने कबूली है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

## बेरोजगारी

### गेट तोड़कर भर्ती स्थल में घुसे युवा, भगदगड़, दो घायल

# दर-दर भटके, नहीं मिला ठिकाना, खेतों में बिताई रात

**पिथौरागढ़ ।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में प्रादेशिक सेना भर्ती होना है। इसके लिए बाहरी राज्यों से भी बड़ी संख्या में युवा पहुंचे हैं। लेकिन युवाओं को पिथौरागढ़ तक पहुंचने में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। जिसके बाद आज आक्रोशित युवा भर्ती स्थल का गेट तोड़कर अंदर घुस गए।

पिथौरागढ़ में बुधवार को सेना भर्ती के दौरान 20 हजार से अधिक युवा गेट तोड़कर भर्ती स्थल में घुस गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जब लाठियां फटकारी तो भगदड़ मच गई। इस दौरान दो युवक घायल हो गए। इन युवकों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पिथौरागढ़ लाया गया। गंभीर रूप से घायल एक युवक युवराज(17) पुत्र सुभाष निवासी मेहताबनगर बुलंदशहर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।



दूसरे घायल युवक मनीष के सिर में टांके लगे। मरहम पट्टी करने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। भगदड़ के दौरान आर्मी का गेट भी टूट गया, जिसे फायर ब्रिगेड के वाहन से सहारा देकर रोका गया। भगदड़ मचने के दौरान पूरे स्थल पर युवाओं के जूते, फटे बैग बिखरे पड़े नजर आए। प्रादेशिक सेना में अलग-अलग पदों के लिए सीमांत जिले पिथौरागढ़ में हो रही भर्ती ने कुमाऊं के चार जिलों की परिवहन व्यवस्थाओं को तार-तार कर दिया। मैदान वाले हल्द्वानी तक किसी तरह पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को ढाई सौ किमी. दूर पिथौरागढ़ तक पहुंचने के संकट के आगे सारी व्यवस्थाएं फेल हो गईं।

कानून व्यवस्था संभाले रखने में प्रशासन के अधिकारियों के पसीने छूट गए हैं। पिथौरागढ़ से दिल्ली, देहरादून जाने वाली बसों में यात्रियों को स्थान नहीं मिल पा रहा है। पिथौरागढ़ नगर के स्कूलों में तीन दिन का अवकाश घोषित करना पड़ा है। >>शेष पृष्ठ 2 पर

देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 21 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन




## महाराष्ट्र : चुनाव जीतने भाजपा की छटपटाहट

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जीतने के लिये भारतीय जनता पार्टी की बेताबी का आलम मतदान के पहले के दो दिनों में देखने को मिला। सोमवार की रात चुनाव प्रचार करते हुए पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर बड़ा हमला हुआ जिसमें वे जख्मी हो गये, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को मुम्बई के निकटस्थ एक उपनगर में नोट बांटते हुए पकड़ा गया। देशमुख राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता हैं जिनके पुत्र सलिल काटोल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। नरखेड़ में प्रचार कर अनिल देशमुख नागपुर लौट रहे थे तभी उनकी कार पर पत्थरों से हमला हुआ। उनके सिर पर चोटें आईं। उन्हें पहले काटोल के शासकीय अस्पताल ले जाया गया तत्पश्चात उनकी चोटों को देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है, तो वहीं तावड़े के विरूद्ध चुनाव आयोग ने मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। तावड़े महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री रह चुके हैं।

बुधवार को प्रदेश की सभी 288 सीटों के लिये हुआ मतदान किस माहौल में सम्पन्न हुआ इसका अंदाजा तो लग ही गया, यह भी साफ है कि महाराष्ट्र की सत्ता किसी भी परिस्थिति में हाथ से न जाने देने के लिये भाजपा आमादा है। यहां भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के तहत मैदान में हैं। उसके खिलाफ महाविकास आघाड़ी के नाम से कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना एवं एनसीपी का शरद पवार धड़ा मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए के भीतर चल रहे मनमुटाव और मतभेदों के चलते वह कमजोर पिच पर खड़ी है तो दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) तमाम विपरीत परिस्थितियों तथा दुश्वारियों के बीच भी एकजुट है जिसके कारण सत्ता हाथ में होने के बाद भी एनडीए को चुनाव जीतने के लिये तमाम हथकण्डे अपनाने पड़ रहे हैं। देशमुख पर किये गये हमले के आरोपियों का अभी खुलासा नहीं हुआ है लेकिन देशमुख एवं उनकी पार्टी का विश्वास है कि पत्थर भाजपा के लोगों ने ही चलाये।

उधर विनोद तावड़े का किस्सा भी दिलचस्प मोड़ ले रहा है। राजनीतिक गलियारों में बात फैल चुकी है कि उनके ठाणे जिले के नालासोपारा स्थित विवांत होटल में नोट बांटने की गुप्त सूचना खुद भाजपाइयों ने विरोधी गुट को पहुंचाई। यह इलाका बाहुबली और चार मर्तबा विधायक रहे हितेन्द्र ठाकुर का है। इस बार उनका पुत्र क्षितिज बहुजन विकास आघाड़ी की टिकट पर लड़ रहा है। मतदान की पूर्व संध्या यानी मंगलवार की शाम को तावड़े द्वारा किये जा रहे धन वितरण के दौरान बीवीए के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच गये। उन्होंने वहां रखे काले बैग व नोट भरे लिफाफे दिखाये तथा बंडलों को मुट्ठियों में लहराते हुए फोटो खिंचवाए और तावड़े से सवाल-जवाब किये। पैसे बांटने का काम इतना पूर्व नियोजित था कि कुछ समय के लिये वहां का सीसीटीवी कैमरा बन्द करा दिया गया था। क्षितिज ने दावा किया है कि उनके हाथ में वह डायरी लग गयी है जिसमें तावड़े द्वारा बांटे जा रहे रुपये का हिसाब है। हालांकि तावड़े अपने स्थानीय उम्मीदवार राजन नाईक के साथ सफाई देते रहे और चुनाव आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे लेकिन दोनों के खिलाफ मामले दर्ज हो ही गये।

मंगलवार की रात भर में तावड़े के इस धन वितरण की क्लिप्स और विस्तृत वीडियो महाराष्ट्र भर में फैल गये। देखना यह है कि इसका असर मतदान पर क्या हुआ। 23 नवम्बर को ही पता चल पायेगा जब सभी नतीजे निकलेंगे। जो भी हो, इसके कारण विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल गया। राहुल गांधी ने इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खिंचाई की। उन्होंने पूछा कि 'अदानी द्वारा टेंपो में भर-भरकर महाराष्ट्र में नोट भेजे जाने की पीएम कब जांच कराएंगे?' कहा तो यहां तक जा रहा है कि महाराष्ट्र में वोटरों को लुभाने के लिये जमकर पैसा बंटा है। तावड़े से बरामद 5 करोड़ रुपये तो झलक मात्र है। राज्य में आम चर्चा है कि एक-एक वोट के लिये 10-10 हजार रुपये तक बांटे गये हैं। तावड़े द्वारा किये गये धन वितरण के मामले तथा देशमुख पर हुए हमले को लोग भाजपा की सत्ता की अकुलाहट से जोड़कर देख रहे हैं।

भाजपा द्वारा अपनाये जा रहे हथकण्डों से यह आशंका भी गहरानी स्वाभाविक है कि यदि एनडीए को बहुमत नहीं मिलता और एमवीए अपनी सरकार बनाने में विलम्ब करती है तो केन्द्र राज्यपाल के जरिये वहां वैसा ही खेला कर सकती है जिस तरह तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनवा दी थी। इसके लिये भाजपा ने शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़ा था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि 26 नवम्बर तक प्रदेश की नयी सरकार का गठन हो जाना चाहिये अन्यथा वहां राष्ट्रपति शासन लगाने में केन्द्र सरकार देर नहीं करेगी। यह भाजपा की राजनीतिक मोडस आपरेंडी रहेगी कि पहले सत्ता को केन्द्र अपने हाथों में ले तत्पश्चात वहां ऑपरेशन लोटस के जरिये खुद की सरकार बना ली जाये। बुधवार को जेल जा चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी ने शरद पवार की पुत्री व सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर क्रिप्टोकरेंसी में 235 करोड़ रुपये मूल्य के बिटकाइन की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि इसके पीछे भाजपा का ही हाथ है। पाटिल के अनुसार इस राशि का उपयोग इस चुनाव में किया गया है। हालांकि इसका खंडन खुद शरद पवार ने यह कहकर किया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी हद तक गिर सकती है। अब सच्चाई तो जांच के बाद सामने आएगी, लेकिन चुनाव से पहले इस तरह के आरोप और खुलासे भाजपा की छटपटाहट को दर्शा रहे हैं।

# फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

मणिपुर एक बार फिर हिंसा की चपेट में है। राज्य के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा है, जरूरी सामान खरीदने के लिए लोगों को कुछ घंटों की राहत दी जा रही है, लेकिन सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त ही है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। जब कोई राज्य लगभग डेढ़ साल से हिंसाग्रस्त रहे, जब राज्य के मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों को पूरा न कर पाएं, जब देश के प्रधानमंत्री को आम जनता की सुध लेने की फिक्र न हो, तब जनता किस तरह से आराम से रह सकती है। सिर पर हमेशा हिंसा की तलवार लटके रहने पर कितना मानसिक तनाव होता होगा इसकी तो कल्पना हम कर भी नहीं सकते। आश्चर्य होता है यह देखकर कि प्रधानमंत्री मोदी ने कितने आराम से खुद को मणिपुर से दूर कर लिया है। अभी जब इस पूर्वोत्तर राज्य में हालात फिर बिगड़े तो अमित शाह ने अपने चुनावी दौरे का थोड़ा हिस्सा रद्द किया, हालांकि पिछले महीने मणिपुर पर गृहमंत्रालय द्वारा बुलाई गई बैठक में वे खुद ही शामिल नहीं हुए थे, खैर अमित शाह अब राज्य की कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं, उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपुर मुद्दे पर दखल देने की मांग की है। मंगलवार को लिखे दो पेज के पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि 18 महीने में केंद्र और राज्य की सरकार मणिपुर में शांति स्थापित करने में असफल रही है। आप संविधान की संरक्षक हैं, इसलिए दखल दें। मणिपुर में भाजपा की सहयोगी एनपीपी ने समर्थन वापस ले लिया है और सोमवार को एनडीए की एक बैठक में 18 विधायक ही गायब रहे। कहने का आशय यह कि अपने दायरे में रहकर कमोबेश सभी राजनेता अपने मंतव्य को सामने रख रहे हैं या कार्य कर रहे हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी ऐसा नहीं कर रहे तो सवाल उठता है कि आखिर मोदी चाहते क्या हैं। उनके अपने ही देश में एक राज्य हिंसा में झुलसा हुआ है और उनके मुंह से उफ तक नहीं निकल रही। क्या मोदी की 56 इंची छाती के भीतर पत्थर का दिल है, जिसमें कोई स्पंदन ही नहीं होता।

अभी जब विधानसभा चुनावों के साथ-साथ मणिपुर के हालात पर भी देश का ध्यान जा रहा है, तब ये देखना दिलचस्प है कि मोदी का ध्यान किस तरफ है। 17 नवंबर को श्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से आलोक भट्ट नाम के एक यूजर का एक्स पोस्ट रीपोस्ट किया है। इस पोस्ट में गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर भी दिखाया गया है। नरेन्द्र मोदी ने लिखा है: ''ये अच्छी बात है कि ये सच सामने आ रहा है और वो भी एक ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक फेक नैरेटिव कुछ समय तक ही चल सकता है। आखिरकार, फैक्ट्स हमेशा सामने आते हैं!'' गौरतलब है कि आलोक भट्ट ने फिल्म देखने की 4 वजहें बताई गई हैं। इन वजहों के बारे में बताते हुए उन्होंने लिखा है कि ये फिल्म उन 59 लोगों के लिए सही मायने में श्रद्धांजलि है जिन्होंने गोधरा कांड में अपनी जान गंवाई थी। आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री के इस ट्वीट के बारे में एक विज्ञप्ति बाकायदा प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी हुई है। प्रसंगवश बता दें कि आलोक भट्ट के एक्स हैंडल पर भाजपा के झारखंड चुनाव के लिए बनाए गए उस वीडियो पर एक पोस्ट है, जिसे चुनाव आयोग ने हटाने के निर्देश दिए हैं। इस वीडियो में एक व्यक्ति के घर पर जबरन कई सारे लोगों को घुसते हुए दिखाया गया है जो एक खास समुदाय के हैं।

खैर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट और नरेन्द्र मोदी के ट्वीट पर लौटते हैं। पाठकों को ध्यान होगा कि कर्नाटक चुनाव में द केरल स्टोरी का प्रचार प्रधानमंत्री ने किया था। उससे पहले द कश्मीर फाइल्स की मार्केटिंग प्रधानमंत्री ने की थी। श्री मोदी की अभिनय क्षमता के बहुत से लोग कायल हैं। भाषण देते-देते गले का अचानक रुंध जाना, किसी के कंधे पर हाथ रखकर अपनी संवेदना जताना, क्रोध, वात्सल्य, भक्ति आदि रसों का विभिन्न मौकों पर इस्तेमाल करना उन्हें अच्छे से आता है। इसलिए फिल्मों के लिए उनका रुझान चौंकाता नहीं है। लेकिन यहां बात वक्त के तकाजे की है। जैसे परीक्षा सिर पर हो और परीक्षार्थी फिल्में देखने, मनोरंजन या सैर-सपाटे में वक्त बिताए तो फिर परीक्षा को लेकर उसकी गंभीरता पर सवाल उठेंगे, साथ ही परिणाम को लेकर भी चिंता जाहिर होगी। ये भी मुमकिन है कि परीक्षा उतीर्ण करने के लिए भ्रष्ट तरीकों का सहारा लिया जाए। अब यही चिंता प्रधानमंत्री के रवैये से भी हो रही है। क्या कारण है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री ट्वीट नहीं करते, बयान नहीं देते, वहां के लोगों को हौसला नहीं बंधाते कि हालात सामान्य करने के लिए वे काम कर रहे हैं, मगर देश के मुश्किल वक्त में फिल्म के प्रचार में जुट जाते हैं। क्या चुनाव प्रचार से नरेन्द्र मोदी का मन नहीं भरता, जो वो वक्त निकाल कर फिल्म का प्रचार भी करते हैं। हालांकि आजकल इसके लिए बाकायदा प्रचार एजेंसियां काम करती हैं जिनके कहने पर फिल्म के कलाकार भी एक शहर से दूसरे शहर प्रचार के लिए के हैं। सोचने वाली बात ये है कि श्री मोदी आखिर किस एजेंसी या किन लोगों के कहने पर प्रचार करते हैं। अपने प्रचार ट्वीट में नरेन्द्र मोदी ने फेक नैरेटिव यानी झूठे कथानक गढ़ने का भी मुद्दा उठाया है और इस बात पर संतोष जाहिर किया है कि तथ्य हमेशा सामने आते हैं। तो क्या द साबरमती रिपोर्ट, फिल्म को कानून की कसौटी पर परखा गया है, क्या नरेन्द्र मोदी इसे ही सौ प्रतिशत सच कह रहे हैं, क्या फिल्म में जरा भी कल्पना का पुट नहीं है, जब नरेन्द्र मोदी प्रचार कर ही रहे हैं तो इन्हें सवालों के जवाब भी पता ही होंगे।

वैसे पाठकों को याद दिला दें कि गोधरा कांड पर ही बीबीसी ने भी एक वृत्तचित्र का निर्माण किया था, इंडिया : द मोदी क्वेश्चन। 2023 में दो हिस्सों में बने इस वृत्तचित्र में घटना से जुड़े और प्रभावित हुए कई लोगों की बातचीत दिखाई गई, लेकिन भारत में इस पर प्रतिबंध लगाया गया और अब मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। जाहिर है इस वृतचित्र में जो कुछ दिखाया गया है वह श्री मोदी की निगाह में फेक नैरेटिव रहा होगा और इसलिए उसे प्रतिबंधित किया गया। हालांकि यह देखकर इत्मीनान हुआ कि अब प्रधानमंत्री को भी कथानकों के गढ़ने और दुष्प्रचार के लिए झूठी खबरों पर चिंता हो रही है। जब साबरमती रिपोर्ट पर उन्होंने अपनी राय दी है तो उन्हें बिल्किस बानो के साथ की गई नाइंसाफी पर भी अपने विचार रखने चाहिए। यह भी बताना चाहिए कि बाबरी मस्जिद तोड़ने को जब अदालत ने अपराध बताया है तो उसी जमीन पर राम मंदिर बनाना न्याय है, फेक नैरेटिव है या आधा गिलास पानी और आधा हवा से भरे होने का पॉजिटिव एटीड्यूड है। झूठे कथानक की बात निकली है तो एक दिलचस्प मिसाल गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और अब उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पेश की है।

लखनऊ में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में आनंदीबेन पटेल ने अपने भाषण में दावा किया कि वैदिक युग के ऋषि भारद्वाज ने विमान के विचार की कल्पना की थी लेकिन इसके आविष्कार का श्रेय राइट ब्रदर्स को गया। आनंदीबेन ने ये भी कहा कि रावण का छोटा भाई कुंभकर्ण छह महीने सोता नहीं था, बल्कि वो मशीनें बनाता था और इसकी जानकारी बाहर न जाए, इसलिए रावण के आदेश पर छह महीने अपने कक्ष से बाहर नहीं निकलता था। आनंदीबेन ने कुंभकर्ण को 'टेक्नोक्रेट' कहा। अब संघ, भाजपा और सनातन धर्म के तमाम रक्षकों के सामने उलझाने वाला सवाल यह है कि टेक्नोक्रेट कुंभकर्ण को हर साल दशहरे पर रावण के साथ जलाने की व्याख्या कैसे की जाए। क्या यह माना जाए कि इस तरह हम अपनी वैज्ञानिक चेतना और सोच को दहन करते जा रहे हैं। क्या यही वजह है कि प्रधानमंत्री गणेशजी की प्लास्टिक सर्जरी का दावा करें और आनंदीबेन पटेल राइट ब्रदर्स को हवाई जहाज बनाने और उड़ाने का श्रेय दिए जाने पर सवाल उठाएं।

खैर, फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।


**फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।**


# धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन?

■ राधा रमण

मणिपुर में हिसा की मौजूदा घटना कोई नया नहीं है। पिछले डेढ़ साल (566 दिन) से यह प्रदेश हिंसा की लपटों में धधक रहा है और केंद्र तथा राज्य की सरकार मौन ओढ़े हुए हैं। सरकारी आँकड़ों पर भरोसा करें तो छोटे से उस राज्य में हिंसा की घटनाओं में अब तक 220 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कई महिलाओं की आबरू लूटी गई और हजारों करोड़ की संपत्ति आग के हवाले कर दी गई। बता देना जरूरी है कि मणिपुर में भाजपा की चुनी हुई सरकार है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकार असहाय दिखाई देती है। आम लोगों की कौन कहे मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सरकारी आवास और पैतृक घर पर दो बार हमला और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। आबादी के लिहाज से देखें तो मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा का वर्चस्व है। राज्य में सर्वाधिक आबादी मैतेई समुदाय की है। उनकी संख्या लगभग 65 फीसदी है, जबकि कुकी और नगा मिलाकर कुल आबादी का 35 फीसदी हैं। समुदायों के बीच टकराव मणिपुर के लिए नया नहीं है। 90 के दशक में मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय के बीच संघर्ष हुआ था। तब सैकड़ों लोगों की जान गई थी। बड़ी मुश्किल से तब हिंसा की आग बुझाई जा सकी थी।

वर्तमान में मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष छिड़ा है। इसका कारण मैतेई समुदाय की आरक्षण की मांग है। मैतेई काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। चूंकि मणिपुर की पहाड़ियों पर बसने वाले कुकी और नगा समुदाय के लोग अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिलता रहा है लेकिन मैतेई इस लाभ से वंचित हैं। यही वजह है कि मैतेई समुदाय के लोगों ने आरक्षण की मांग को तूल दिया। जबकि कुकी और नगा समुदाय के लोगों का कहना है कि मैतेई समुदाय के लोगों की पहले से विकास योजनाओं में अधिक भागीदारी रही है और उन्हें इसका लाभ मिलता रहा है। इसलिए उनके लिए अलग से आरक्षण की मांग बेमानी है। अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण का लाभ मिला तो वे राज्य के संसाधनों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों पर भी काबिज हो जाएंगे। ऐसे में कुकी समुदाय के लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो जाएगी। इस विवाद ने तूल उस समय पकड़ लिया जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया कि वह मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। इससे पहले कि राज्य सरकार केंद्र को मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने का प्रस्ताव भेजती कुकी समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए। मैतेई समुदाय के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो सड़कों पर हिंसा का रौरव तांडव शुरू हो गया।

इसके अलावा मणिपुर में हिंसा की दूसरी वजह का वह कानून है जिसमें कहा गया है कि मैतेई समुदाय के वह लोग जो घाटी में बसे हैं वह पहाड़ी इलाकों में न तो घर बना सकते हैं और न ही जमीन खरीद सकते हैं। इसके उलट कुकी और नगा समुदाय के लोग घाटी में जमीन खरीद सकते हैं और घर बनाकर बस भी सकते हैं। मैतेई समुदाय के लोग इसका पहले से विरोध करते रहे हैं। वह एक राज्य एक कानून के तहत पहाड़ियों पर जमीन की खरीद का अधिकार चाहते रहे हैं।

मणिपुर की उस जघन्य घटना से पूरा देश मर्माहत और शर्मसार है जिसे पिछले साल 4 मई को अंजाम दिया गया था। उस घटना में दो महिलाओं को कपड़े उतारकर सड़कों पर घुमाया गया, सरेआम पीटा गया और गैंगरेप किया गया था। हैरत की बात यह कि इंसानियत को शर्मसार करने वाले उस घटना के दरिंदों पर कार्रवाई करने, पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की बजाय सरकारी मशीनरी ने उस घटना को ही छुपा लिया।

तब से लेकर आज तक मणिपुर लगातार सुलगता रहा है। बीच-बीच में हिंसक झड़पों की रिपोर्ट आती रहती है। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। बल्कि यह कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि मणिपुर के हालात पर पर्दा डाला जाता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के भीतर और बाहर कई दफा प्रधानमंत्री से मणिपुर मामले में हस्तक्षेप करने और वक्तव्य देने की मांग की। राहुल मणिपुर के शरणार्थी कैंप भी गए और उसमें रह रहे लोगों से बातचीत की।


मणिपुर में हिंसा की ताजा वारदात 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 10 बंदूकधारी उग्रवादियों के मारे जाने के बाद हुई। कुकी समुदाय ने मारे गए लोगों को विलेज गार्ड बताया और मुठभेड़ के जिम्मेदार सुरक्षाबलों पर कार्रवाई की मांग की। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि उसी दिन जिरीबाम से दो महिलाओं समेत 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया। अपहरण का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगाया गया। इसमें एक महिला जो तीन बच्चों की मां थी, सामूहिक दरिंदगी कर उसके शरीर में कीलें ठोंक दी गई और उसके शरीर को आग के हवाले कर दिया गया। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाले इस घटना से डॉक्टर भी हैरान हैं।

केंद्र सरकार ने मणिपुर के पांच जिलों इंफाल पूर्व और पश्चिम, थोबल, विष्णुपुर और काकचिंग में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया है।

मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।

उधर, मणिपुर सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर राज्य से अफस्पा हटाने की मांग की है। देखना जरूरी होगा कि मणिपुर पर केंद्र सरकार आगे क्या कदम उठाती है। फिलहाल तो मणिपुर धधक रहा है और प्रधानमंत्री नाइजीरिया का सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।


**मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम ( अफस्पा ) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी ( एनपीपी ) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।**

## ललित सुरजन की कलम से

### सम-विषम : सफल प्रयोग, आगे क्या?

*प्रदूषण के दैत्य से दिल्लीवासियों को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल को दीर्घकालीन व स्थायी उपायों पर विचार करने की आवश्यकता है। सच तो यह है कि यह समस्या न तो सिर्फ श्री केजरीवाल की है और न सिर्फ दिल्लीवासियों की। भारत सरकार के अलावा विभिन्न राज्यों की सरकारों व सभी पार्टियों को इस बारे में मिल-बैठ कर सोचने की आवश्यकता है। सत्तारूढ़ भाजपा व प्रमुख विपक्ष कांग्रेस पर तो इसका मुख्य दायित्व तो है ही; समस्या के वैज्ञानिक व तकनीकी पक्ष को समझने वाले विशेषज्ञों को भी विचार और निर्णय की प्रक्रिया में शामिल करने से ही आगे का रास्ता निकलेगा। एक उदाहरण दिया जा सकता है। दिल्ली में ही प्रदूषण कम करने के लिए बसों में डीजल की जगह सीएनजी उपयोग करने हेतु सीएसई ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। इसका लाभ लंबे समय तक दिल्ली को मिला। दिल्ली साइंस फोरम जैसी संस्थाएं भी इस दिशा में निरंतर काम कर रही हैं। प्रोफेसर दिनेश मोहन व सुनीता नारायण जैसे विशेषज्ञों की सेवाएं लेना हर तरह से लाभकारी है। अभी जैसे एक बात उठी कि कार से जितना वायु प्रदूषण होता है उससे कई गुना अधिक सड़कों पर उडने वाली धूल से होता है। बात दुरुस्त है। लेकिन इस बात पर किसी ने गौर नहीं किया कि वाहनों की तेज रफ्तार के कारण सड़क पर जो घर्षण होता है उससे सीमेंट और डामर के जो कण उड़ते हैं वे ही बड़ी सीमा तक धूल में बदल जाते हैं। आशय यह कि यदि सड़कों पर गाडियां कम हैं तो धूल भी उतनी ही कम उड़ेगी। इसे विस्तारपूर्वक समझना हो तो किसी विशेषज्ञ के पास ही जाना होगा। इसी तरह डीजल की बात है। डीजल वाहनों से धुआं भी अधिक उड़ता है और उससे कैंसर का खतरा भी बढ़ता है। यूरोप में डीजल कारों के लिए जो पैमाने लागू हैं वे भारत में नहीं हैं। यूरोपीय मानक हासिल करने के लिए क्या करना पड़ेगा, नीति निर्धारकों को यह बात भी समझना होगी।*

**( देशबन्धु में 21 जनवरी 2016 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/01/blog-post_20.html

## पावन प्रसंग

### असली आस्तिकता

सोमनाथ से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ब्राह्मण निवास किया करते थे। वे बड़े ही दयालु और उदार थे। आशुतोष नामक उस ब्राह्मण ने बड़ा कठोर तप किया था। एक दिन शिवरात्रि का महापर्व था। आशुतोष वैसे तो नित्य रुद्राभिषेक करते ही थे, पर शिवरात्रि के दिन उन्होंने त्रिकाल रुद्राभिषेक संपन्न किया। बड़ी श्रद्धा भक्ति से उस दिन उन्होंने भगवान महादेव का ध्यान किया।

उस दिन रात्रि 10 बजे से प्रात: 3 बजे तक आशुतोष भगवान महादेव के ध्यान में ही डूबे रहे। उसके बाद विश्राम करते हुए वे गहरी निद्रा में चले गए। उनकी यह निद्रा भी मानो एक योगनिद्रा के समान ही थी। ध्यानाभ्यास से जब चित्तशुद्धि हो जाती है तब व्यक्ति का सोना-जागना सब ध्यान ही बन जाता है। उसके हर श्वांस के माध्यम से अजपा जप स्वयमेव होने लगता है। योगनिद्रा की उसी अवस्था में आशुतोष ने एक दिव्य स्वप्न देखा। उन्होंने देखा भगवान महादेव कह रहे हैं- 'हे भक्त! तुम्हारी भक्ति से मैं अति प्रसन्न हूं। बोलो, तुम्हें क्या चाहिए?'

भगवान महादेव के उस दिव्य रूप का दर्शन कर आशुतोष आह्लादित व आनंदित हो उठे। उनके नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। उन्होंने आंसुओं से भगवान महादेव के चरण धोए और उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- 'भगवन, आपने मुझे अपने दिव्य स्वरूप का दर्शन राया, इससे बढ़कर भला दूसरा सौभाग्य क्या हो सकता है? हे भगवन मैं कभी भी आपको भूलूं नहीं। संसार की कोई भी चीज मुझे आपसे अधिक प्रिय न हो व मैं सदा आपके चरणों का दास बना रहूं, मुझे यही आशीष प्रदान कीजिए।'

भगवान भोलेनाथ भक्त के इस भोलेपन को देख अति प्रसन्न हुए और बोले-'तुम यदि मेरी सचमुच सेवा करना चाहते हो, तो लोक-कल्याण का कार्य करो। हर जीव में शिव का दर्शन करो। जीवसेवा ही शिवसेवा है-इस सत्य को हमेशा याद रखना और अपने ज्ञान से जन-जन को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना।' इतना कहकर भगवान शिव अंतर्ध्यान हो गए और इधर आशुतोष की आंखें खुल गईं। सवेरा होने पर आशुतोष ने सारी बातें अपनी पत्नी ललिता को बताईं। दोनों आनंदित व आह्लादित हुए।

अगले दिन दोनों सोमनाथ भगवान के ज्योतिर्लिंग रूप का उन्होंने दर्शन किया, साथ ही शिव संकल्प भी किया कि उस दिन से सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की पीड़ा निवारण हेतु जनजागरण की शुरुआत करेंगे। आगे चलकर आशुतोष के एक पुत्र व एक पुत्री हुए। दोनों ही बड़े संस्कारवान थे। संस्कार तो मानो उन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिले थे। नित्य जप, तप, ध्यान, सत्संग, पाठ के कारण घर एक मंदिर का रूप ले चुका था। देखते ही देखते उनके गांव के हर घर में यज्ञ, जप, ध्यान, पाठ होने लगे और इस प्रकार पूरे गांव का वातावरण बड़ा ही दिव्य और अलौकिक हो उठा।

गांव के सभी लोग बड़े प्रेम से मिलजुल कर रहते, दुख की घड़ी में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते, सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ रखते। धीरे-धीरे पूरे गांव में संस्कारशाला, व्यायामशाला व वाचनालय प्रारंभ हो गए। आशुतोष प्रकृतिप्रेमी होने के साथ-साथ औषधीय पौधों का भी ज्ञान रखते थे, सो उन्होंने गांव के हर घर में औषधीय पौधे ही लगवाए, जैसे तुलसी, नीम, पीपल, आंवला आदि और देखते ही देखते वह गांव आदर्श गांव में तब्दील हो गया।

वास्तव में यही है असली आस्तिकता। जीव मात्र की सेवा ही शिवसेवा है। जो भगवान को सिर्फ मूर्तियों में, मंदिरों, मस्जिदों व गिरजाघरों में देखते हैं उनकी पूजा, चिह्न पूजा मात्र है, पर जो भगवान को कण-कण में, घर-घर में, हर जीवन में देखते व उनकी सेवा करते हैं, उनकी पूजा ही असली पूजा है। हम भी क्यों न जीवसेवा के द्वारा शिवसेवा प्रारंभ कर दें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### सुरक्षा के साथ संवाद भी अत्यंत महत्वपूर्ण

मणिपुर में 565 दिनों से जारी जातीय हिंसा की आंच शासन तक पहुंच गई है। आंदोलनकारियो ने राज्य में जिस तरह मंत्री और विधायकों के घर आग के हवाले किए हैं उससे हालातो की गंभीरता समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री हिंसा रोकने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं। केंद्र सरकार अतिरिक्त सुरक्षा बल भेज कर हिंसा रोकने का प्रयास तो कर रही है पर बड़ी आवश्यकता संघर्षरत जातीय समुदायों में सामंजस्य बिठाने की है जो विवाद की असली जड़ है। अगर जल्द ही हालात काबू में ना आए तो ही वहां सरकार को संवैधानिक कदम उठाने ही होंगे भले ही राज्य में उसकी सरकार हो।

मणिपुर लगातार अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। कल तक का कुकी-मैतेई जारी संघर्ष अब शासन को भी अपनी चपेट में लेता दिख रहा है। दो दिनों में तीन मंत्रियों सहित नौ विधायकों के घर पर आगजनी और हमले हो चुके हैं। राज्य के हालात बड़े विस्फोटक प्रतीत होते हैं। पुलिस थानों से लूटे हथियार और म्यांमार सीमा से आते शस्त्रों से आंदोलन रक्तरंजित हो चुका है। इस बीच केंद्र सरकार ने बड़ी मात्रा में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती करके स्थिति काबू में लाने की कोशिश की है मगर फिर भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। जल्द ही राज्य में 4000 सीआरपीएफ के जवान की तैनाती के साथ ही 24 घंटे ऑल आउट ऑपरेशन शुरू किया जा रहा है। आज के हालातों के मद्देनजर राज्य में जितनी सख्ती से और जल्द कोई कदम उठाया जाए वह कमतर ही होगा क्योंकि आंदोलन लंबे समय से चल रहा है और प्रदर्शनकारी अपने ठिकाने बना चुके हैं ऐसे में इनको ढूंढ-ढूंढ कर कानून की भाषा समझाना कठिन होगा। जैसे भी हो सरकार राज्य को शांति लौटाने के जल्द प्रयास करें ताकि निर्दोष हत्या, आगजनी का सिलसिला थम सके। यदि फिर भी हालात काबू में न आए तो केंद्र सरकार को बेहिचक संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करना चाहिए भले ही राज्य में उनकी ही सरकार हो। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर जनता की सुरक्षा और उनकी जान माल की रक्षा अहम है।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

# रानी लक्ष्मीबाई को वीरता और साहस ने बनाया महान : डॉ. अनुश्री

## अभाविप ने शहर में निकाली भव्य शोभा यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर महानगर द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की जयंती व स्त्री शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में मणिकर्णिका समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमएलबी ग्राउंड में मंगलवार, 19 नवंबर 2024 को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डाक्टर अनुश्री जामदार जी,सोनाली दुबे जी, सतीश गुप्ता जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद ,रानी लक्ष्मी बाई के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।




इसके पश्चात मुख्य अतिथि डाक्टर अनुश्री जामदार जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें नारी शक्ति की महत्ता को समझाना चाहिए। रानी लक्ष्मीबाई एक ऐसी महिला थीं जिन्होंने अपने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी और अपनी वीरता का परिचय दिया। रानी ने अपने पति राजा गंगाधर राव की मृत्यु के बाद अपने बेटे की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया। उनकी वीरता और साहस ने उन्हें महान बनाया। महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनकी शक्ति को पहचानना और सम्मान करना आवश्यक है। आज के समय में भी महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रही हैं। वे राजनीति, शिक्षा, व्यवसाय और अन्य क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। हमें उनकी उपलब्धियों को पहचानना और सम्मान करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर उनकी वीरता से प्रेरणा लेना चाहिए व साहस का परिचय देना चाहिए वही मुख्य वक्ता सतीश गुप्ता जी ने संगठन के परिचय के बारे में बताया वह समाज परिवर्तन में छात्रों व युवाओं की भूमिका स्पष्ट है आज उसे करने की आवश्यकता है वहीं कार्यक्रम का आभार महानगर मंत्री श्री ईश्वर सोनकर जी ने किया।

इसके पश्चात एमएलबी कालेज से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 1200 छात्राएं शामिल हुई। शोभायात्रा एमएलबी ग्राउंड से शुरू हुई मानस भवन तीन पत्ती होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नौदराब्रीज में समापन हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर मंत्री ऐश्वर्या सोनकर, प्रांत सह मंत्री अरिन पांडे,महानगर छात्रा प्रमुख आंचल मिश्रा, आर्यन पुंज, अंशिका पांडे,शोभित मिश्रा, अनमोल मिश्रा, तनीशराज सिंह, गौरव वाल्मीकि, सत्यम पटेल भास्कर पटेल, आशुतोष पटेल, कमल अहिरवार, शशांक शर्मा,सार्थक कोरी, वेद रायकृष्ण देव तिवारी, ललित विश्वकर्मा सार्थक चौधरी, हर्ष सेन सदस्य उपस्थित रहे।

## जबलपुर सहित पूरे देश से सम्मिलित होंगे जिनशासन सेवक

# तीर्थधाम चिदायतन महामहोत्सव 1 से

**जबलपुर, देशबन्धु।** अहिंसा के प्रणेता 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल में आध्यात्मिक सतपुरूष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्व प्रभावना योग में पौराणिक नगरी हस्तिनापुर में अति सुंदर एवं मनोहारी श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ जिनालय तीर्थधाम चिदायतन का भव्य निर्माण किया गया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 1 से 6 दिसंबर तक आयोजित किया गया है।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना हेतु धर्म नगरी जबलपुर सहित सम्पूर्ण मध्य प्रदेश एवं भारत के साथ विश्व से हजारों जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवक हस्तिनापुर पहुंच रहे हैं, वें वहां 6 दिनों तक आध्यात्म की



गंगा, भक्ति की यमुना एवं सिद्धांत की सरस्वती ऐसी पावन त्रिवेणी में स्नान कर आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग जानेंगे।

जिसमें शुद्धता की रुचि गर्भकल्याणक के छह मास पूर्व क्रिया 1 दिसंबर को, शुद्धता का श्रद्धान गर्भ कल्याणक 2 दिसंबर को, शुद्धता का उद्गम जन्मकल्याणक 3 दिसंबर को, शुद्धता का आरोहण तपकल्याणक 4 दिसंबर को, शुद्धता की पूर्णता ज्ञानकल्याणक 5 दिसंबर को एवं शुद्धता ही शुद्धता मोक्षकल्याणक महोत्सव 6 दिसंबर को विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया जावेगा। श्री जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव को यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए महोत्सव समिति का गठन किया गया, जिसके परम संरक्षक हमुखभाई बोरा सोनगढ़, अनंत भाई ए. सेठ मुंबई, संरक्षक बसंतभाई दोशी मुंबई, अध्यक्ष अजीतप्रसाद जैन दिल्ली, गाजियाबाद, रमेश भंडारी बैंगलोर, महिपाल गायक बांसवाड़ा एवं आई. एस. मुंबई रहेंगे।

# सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल यात्रा के प्रति आमजनों की लगातार बढ़ती रुचि और आकर्षण के मद्देनजर रेलवे भी तदनुरूप सुविधाओं के विस्तार को गति दे रहा है। इस क्रम में रेलवे ने बीते तीन माह में ही विभिन्न ट्रेनों में सामान्य श्रेणी (जीएस) के करीब छह सौ नये अतिरिक्त कोच जोड़े हैं।

ये सभी कोच नियमित ट्रेनों में जोड़े गए हैं। इतना ही नहीं, चालू नवंबर माह के अंत तक जीएस श्रेणी के ऐसे एक हजार से ज्यादा कोच करीब 370 नियमित ट्रेनों में जोड़ दिए जाएंगे। एक अनुमान के मुताबिक रेलवे के बेड़े में इन नये जीएस कोचों के जुड़ने से रोजाना करीब एक लाख यात्री लाभान्वित होंगे। इनके अलावा आगामी दो वर्षों में बड़ी संख्या में नोन एसी श्रेणी के कोचों को रेलवे के बेड़े में शामिल करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है।

रेलवे बोर्ड ने सामान्य श्रेणी के रेल यात्रियों की नई सुविधाओं के बारे में यहां विस्तार से जानकारी दी है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना व प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्री रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इस श्रेणी के यात्रियों को अधिकतम सुविधा मुहैया कराने की दिशा में रेलवे विभिन्न दिशाओं में कार्य कर रहा है। इसके तहत बीते जुलाई से अक्टूबर के तीन माह के दौरान जीएस श्रेणी के कुल 1000 नये त्स्र कोचों का ट्रेनों में जोड़ा जाएगा । साथ ही इन नवनिर्मित कोचों को 370 नियमित ट्रेनों में जोड़ा गया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में होनहार विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विकास खण्ड नगर 2 के अन्तर्गत शासकीय हाई स्कूल बेलबाग में मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा प्राचार्य शा उ मा विद्यालय व्योहारबाग और अध्यक्षता श्रीमती ज्योति राव प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बेलबाग एवं निर्णय समिति श्रीमती सविता गंगवार प्राचार्य शा हा सेकेण्ड्री स्कूल घमापुर और व्यवस्थापक बी आर सी आशीष श्रीवास्तव एवं समस्त जनशिक्षकों की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का संचालन राजकुमार जाटव, आभार प्रदर्शन रॉबर्ट मार्टिन द्वारा किया गया। विद्यार्थियों द्वारा अपनी शानदार प्रदर्शन के द्वारा निम्नानुसार स्थान ग्रहण किया। 1पर्यावरण-



आयुष जायसवाल जेब्रा क्रासिंग प्रथम स्थान सी एम राईस अधारताल। 2 मयंक अहिरवार हा से कटिया घाट बरगी डेम का मेंन गेट। 3 सामाजिक विज्ञान- प्रशांत पटेल भोंगा द्वार लाल क़िला का प्रदर्शन द्य रिया चौधरी ज्वालामुखी का प्रदर्शन। 4 विज्ञान- शुभम विश्वकर्मा सी एम राईस आधारताल। 5 दीपाली चौधरी सी एम राईस करौंदी ग्राम। 6 इकरा खान शा मा शाला हिन्दी गोहलपुर मैथ्स पार्क। 7 अमोद्र उजर हाई स्कूल बेलबाग टाइटस ऑफ एंगल द्य 8 शलीना शा मा शाला हिन्दी गोहलपुर आदि सभी विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा द्य प्रदर्शनी में मुख्यरूप से रॉबर्ट मार्टिन, प्रकाश मिश्रा, मनोज पटेल, स्वाति गड़ेवाल, सीमा सोनकर , राखी बंसल, देवेंद्र, प्रेम आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 1 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर, 1 दिसंबर को शहीद स्मारक भगवान में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें देश के प्रतिष्ठित कवि हिस्सा ले रहे हैं सफर जौनपुरी नागपुर, मनोज चौहान मैनपुरी, लक्ष्मी चंद ठाकरे बालाघाट, निखिलेश यादव गोंदिया, शोभा किरण इनायत रांची झारखंड, आजाद वतन वर्मा सतना, डॉ रामकुमार चतुर्वेदी सिवनी 1 दिसंबर को प्रसंग के आयोजन में काव्य पाठ के लिए पधार रहे हैं संयोजन एवं संचालन प्रसंग के संस्थापक इंजी.विनोद नयन करेंगे ।

# दफ्तरों से निकलकर मुक्तिधाम पहुंचा कार्यालय

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के सरकारी दफ्तरों में फैला भ्रष्टाचार अब श्मशानघाट तक पहुँच गया है। दुर्दशा की भेंट चढ़ चुका गौरीघाट मुक्तिधाम इसकी हकीकत बयाँ कर रहा है। यहाँ शव रखने के चबूतरे से लेकर श्मशानघाट की सीढ़ियों तक की टाइल्स उखड़ चुकी हैं, जगह-जगह कचरा और गंदगी का ढेर लगा है, लेकिन जिम्मेदारों को कोई फिक्र नहीं। गौरीघाट शहर का सबसे बड़ा मुक्तिधाम है, जहाँ हर दिन हजारों लोग अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने पहुँचते हैं। उखड़ी टाइल्स के कारण लोग घायल हो रहे हैं। यहाँ उखड़ी टाइल्सों के भीतर से झाँक रहे ईट बता रहे हैं कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण निर्माण कार्य में किस कदर भ्रष्टाचार हुआ है। ठेकेदार द्वारा ईटों की छपाई किए बिना टाइल्स चिपका दी गई थीं, जो अब एक-एक कर उखड़ रही हैं। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, मृतकों का अंतिम संस्कार सम्मान पूर्ण एवं गरिमा के साथ अपेक्षित स्वच्छ व सुरक्षित ०?यवस?थाओं के अधीन हो, यह सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## दैनिक राशिफल

**गुरूवार 21 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्कशीर्ष कृष्ण पक्ष की षष्ठी नक्षत्र-पुष्य।**

**मेष**
किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है।

**वृषभ**
आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे।

`क- 667-479

**कर्क**
आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें।

**सिंह**
आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे।

**कन्या**
आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे।

**तुला**
आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

**धनु**
आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

**मकर**
बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है।

**कुंभ**
कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है।

**मीन**
आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है।

म. 160-119

# अंतर जिला दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता



**जबलपुर, देशबन्धु।** सम्भागीय क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला अंडर- 18 वर्षीय बालक वर्ग में दिनांक - 20 से 21/11/2024 तक पाढूरना विरूद्ध मंडला जिले के मध्य खेला गया मैच पहले ही दिन समाप्त हो गया मंडला जिले ने एक तरफा मुकाबले में पाढूरना जिले को आसानी से 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाढूरना जिले की पहली पारी मात्र 72 (23.2) रनों पर सिमट गई, पाढूरना जिले से यश तावड़े 18 तथा युगांत बोरकर 12 रनो की पारी खेली। मंडला जिले से पुष्कर कुशवाहा ने सर्वाधिक 04 विकेट, विनीत धुर्वे 02 तथा देवांश, यासिर व कनिष्क ने 1-1विकेट लिया। पाढूरना जिले की पहली पारी 72 रनों के जवाब में मंडला जिले ने पहली पारी में 10 विकेट पर 148 (38.3) रन बनाकर पहली पारी में 76 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की, मंडला जिले से पुष्कर कुशवाहा ने सर्वाधिक 63 रनों पर की पारी में 07 चौंके लगाए, नियर साहू ने 21 रनों की पारी खेली।

पाढूरना जिले से प्रेम और जय ने 3-3 विकेट तथा प्रीत 02 व सार्थक ने 01 विकेट लिया। पाढूरना जिले की दूसरी पारी देवांश मुहाली की घातक गेंदबाजी के सामने मात्र 79 रनों समाप्त हो गई, रितिक 18 रन चौके, वीर त्रिवेदी 13 तथा सार्थक ने 10 रनों की पारी खेली। मंडला जिले से देवांश मुहाली ने ओवरों में 22 रन देकर 07 विकेट, पुष्कर 02 तथा विनीत ने 01 विकेट लिया। जीत के लिए 03 रनों के लक्ष्य को मंडला जिले ने ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर 10 विकेट से जीत दर्ज की। मैच के अम्पायरस विष्णु पटेल, सचिन गोस्वामी तथा स्कोरर अंकित यादव रहे।

# पेंशन कार्यालय बंद करने के खिलाफ ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दोपहर 1.30 बजे कलेक्टर से भेंट करके उनको दो मांग-पत्र अलग-अलग सौंपकर आग्रह किया है कि यदि 31 दिसम्बर 2024 के बाद राज्य के सभी जिलों के पेंशन कार्यालय बंद किये जाते हैं तो संपूर्ण प्रदेश में पेंशनर्स सड़क पर एकत्रित होकर लंबी लड़ाई लड़ेंगे। पदाधिकारियों ने मप्र शासन वित्त विभाग के अधिकारियों से ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया है कि पेंशनर्स के हितों को देखते हुए प्रदेश के जिलो के पेंशन कार्यालय बंद करना किसी भी दृष्टि से न्याय संगत नहीं है। केन्द्रीय कृत व्यवस्था से प्रदेश में किसी भी कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर पेंशन स्वीकृति के आदेश समय पर प्राप्त नहीं होंगे। प्रतिनिधि मण्डल में जिला शाखा अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया, ए. के. शुक्ला, आर. के. श्रीवास्तव, एस. के. श्रीवास्तव, बी.एस.पी. गौर, गौरीशंकर पाण्डे, एस.पी.शुक्ला, नरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# अवकाश पर भी कर रहे कर्मचारी काम

**जबलपुर, देशबन्धु।** आपके माध्यम से तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक, मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव पं. राम दुबे जी मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के सचिव कपिल दुबे, जबलपुर जिला अध्यक्ष अनिल तिवारी, जिला सचिव बसंत पांडे, अजेक्स के जिला महामंत्री राकेश समुद्र,रमेश मिश्रा आपके माध्यम से यह बता देना चाहता है कि जबलपुर नगर निगम के विनियमित, दैनिक वेतन भोगी,फील्ड , आउट सोर्सेज के कर्मचारियों से अवकाश के दिनों में भी काम लिया जाता है परंतु इन कर्मचारियों को इसका अतिरिक्त वेतन नहीं दिया जाता नहीं कोई अवकाश दिया जाता है बार-बार मांग कर चुके हैं परंतु शासन हमारी बात पर ध्यान नहीं देता यदि कर्मचारियों से अतिरिक्त कार्य लिया जाता है की पूर्ण न होने पर उन्हें दंडित तो किया जाता है और कभी पुरस्कृत नहीं किया जाता ।

आए दिन निगम के फील्ड के कर्मचारी दुर्घटनाओं में शारीरिक लब्धता को खो देते हैं जीवन लीला ही समाप्त हो जाती है। पर्व में उनके लिए बीमा शासन के द्वारा किया जाता था ,जिसे अब बंद कर दिया गया है, हमारा निगम प्रशासन गहरी नींद पर सोया हुआ है हम मांग रखते हैं हमारी इन दोनों मांगों पर अतिरिक्त कार्य के बदले अतिरिक्त वेतनमान और सुरक्षा हेतु बीमा किया जावे अन्यथा संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा और जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जबलपुर जिला प्रशासन की स्वयं की होगी ।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**मनीष नेमा का निधन-** कालीमठ निवासी श्री मनीष नेमा का निधन हो गया। वे रविशंकर नेमा के पुत्र एवं आशीष नेमा के अग्रज एवं आयुष नेमा के पिता जी थे। अंतिम संस्कार हाथीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री गुरदीप सिंह-** एलआईसी नब्बे क्वाटर गुप्तेश्वर गुरूद्वारा रोड निवासी श्री मनमोहन सिंह के पुत्र श्री गुरदीप सिंह (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील विश्वकर्मा-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री सुनील विश्वकर्मा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री काजल कांति दास-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री काजल कांति दास (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तेजी लाल कोल-** हनुमान होटल लालमाटी निवासी श्री तेजी लाल कोल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पारस कौशल-** लेबर चौक मदनमहल निवासी श्री अमित कौशल के पुत्र श्री पारस कौशल (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगन्नाथ प्रजापति-** सैनिक सोसायटी शक्ति नगर बदनपुर निवासी श्री जगन्नाथ प्रजापति (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सेवाराम चौधरी-** टेमर भीटा चंडी माता मोहल्ला निवासी श्री सेवाराम चौधरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मैना बाई पटेल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री लल्लू पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती मैना बाई पटेल (104) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बेड़ी लाल कोरी-** तिलहरी विस्थापित बस्ती निवासी श्री बेड़ी लाल कोरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष कुमार नेमा-** सुदामा नगर कालीमठ मदनमहल निवासी श्री मनीष कुमार नेमा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रकाश चंद्र मजूमदार-** रांझी निवासी श्री प्रकाश चंद्र मजूमदार (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गंगा प्रसाद रजक-** हनुमानताल थाने के पास निवासी श्री गंगा प्रसाद रजक (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार सोनी-** पुरानी बस्ती कटनी निवासी श्री राजकुमार सोनी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# दो नाबालिग किशोरी निकली वाहन चोर

## पांच मोटर सायकिल बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो नाबालिग किशोरी को ओमती पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी किशोर से चोरी की पांच मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधि अनुसार कार्यवाही की।



ओमती पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के सिविक सेंटर में 2 लड़के बिना नम्बर की पल्सर मोटरसाइकिल लिये हुए खड़े मिले। पूछताछ करने पर दोनो ने अपने नाम एवं उम्र क्रमश: 15 एवं 16 वर्ष बताई। दोनो से बिना नम्बर की पल्सर मोटरसाइकिल के सम्बंध में पूछताछ करने पर वाहन के कागजात नहीं होना बताया। दोनों ने बंटी ऑटो डील से पल्सर मो.सा. क्र. एमपी 20 एन डब्ल्यू 6154 चोरी करना बताया तथा पूछताछ में गुड्डू उर्फ प्रिंस विश्वकर्मा के साथ अन्य एक सुजुकी एक्सेस पाटन से, एक सुजुकी एक्सेस शहपुरा से, एक एक्सिस एवं एक पल्सर भी चोरी करना स्वीकार करते हुए अन्य चुराये हुये वाहन को घर पर छिपाकर रखना बताये। पुलिस ने दोनों किशोर की निशानदेही पर चोरी के पांच वाहन बरामद किये। मुख्य आरोपी गुड्डू उर्फ प्रिंस विश्वकर्मा निवासी शारदा चौक थाना गढा फरार है, जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से एक मौत,एक गंभीर

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुंडम थानान्तर्गत ग्राम रौरिया के समीप ट्रैक्टर चालक ने तेज रफतार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

कुंडम पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमर सिंह मरावी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम रौरिया ने बताया कि वह अमर सिंह आर्मो के साथ मोटरसाइकिल से राशन लेने जा रहा था।जैसे ही प्राथमिक शाला ग्राम रौरिया के सामने पहुंचे तभी ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 20 ए ए 8156 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह एवं अमर सिंह दोनों गिर गये अमर सिंह के सिर में चोट आयी टेऊक्टर चालक ने उतर कर मदद की एवं उस समय गांव के नीतेश मार्को एवं अमर सिंह के भाई गुड्डू आर्मो पहुंचे गांव के अन्य लोगों के के पहुंचने पर ट्रैक्टर चालक भाग गया था। 108 से हम लोगों को सीएचसी कुण्डम लेकर आये अमर सिंह के सिर में चोट लगने से मृत्यु हो गयी, वह सीएचसी कुण्डम मे इलाजरत है। रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए, 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


# वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर बाजनामठ के समीप स्थित निराश्रित वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राधिकरण के अतिरिक्त सचिव सुधांशु सक्सेना, उप उपसचिव अनिरुद्ध जैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अवधेश कुमार श्रीवास्तव, विधिक सहायता अधिकारी बीडी दीक्षित व प्रदीप सिंह ठाकुर उपस्थित थे। शिविर में वृद्धजनों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण कल्याण अधिनियम-2007 के प्रविधानों से अवगत कराया गया। वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने प्रेरित किया गया। प्रतिदिन सुबह धूप लेने की सलाह दी गई। इससे विटामिन डी मिलने की जानकारी दी गई। संस्था के संचालकों को वृद्धजनों का ध्यान रखने निर्देश दिए गए। साथ ही भरोसा दिलाया गया कि उनकी शिकायतों व समस्याओं को दूर किया जाएगा। अंत में वृद्धजनों को गर्म कपड़े, डायपर, फल आदि वितरित किए गए। संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी बीडी दीक्षित ने किया। संस्था की अधीक्षिका, स्टाफ एवं समस्त वृद्धजन उपस्थित थे।

# पत्नी और उसके प्रेमी की प्रताड़ना से त्रस्त होकर युवक ने लगाई थी फांसी

## पनागर थाने का मामला,दोनों गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्रांतर्गत मनियारी कलां गांव में विगत दिनों एक युवक की हुई संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने जांच उपरांत उसकी पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। दोनों पर मृतक को आत्महत्या करने के लिये उकसाने के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मृतक के परिजन अभी भी हत्या का आरोप लगा रहे है।





पनागर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनियारी कला गांव विजय प्रधान नामक व्यक्ति का शव उसके घर में मिला था। गले पर रस्सी से कसे जाने के निशान थे। तब पत्नी ललिता प्रधान ने पुलिस को बताया था कि पति ने फांसी लगा ली। वहीं मृतक के परिजन का आरोप था कि विजय की मौत के कुछ दिन पहले ललिता ने उसे लाठी और चांटों से पीटा था। प?ोसियों ने इसका वीडियो बनाया था। यही वीडियो परिवार ने पुलिस को देते हुए सख्त कार्यवाही की मांग की थी।

एएसपी सुर्यकांत शर्मा ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पत्नी ललिता और उसके प्रेमी राकेश के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफतार कर लिया है। मृतक की भांजी शबनम ने बताया कि मामा के पास 8 एक? जमीन थी, जो धीरे-धीरे बिक गई। अब मामा दूसरे के खेत में काम कर रहे थे। मामी ललिता ने मामा की दवा के नाम पर लाखों रुपए की जमीन बेच दी। पैसा अपने प्रेमी राकेश बर्मन को दे दिया। युवक ने पत्नी तथा उसके प्रेमी की प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या की थी।

# शराब के लिए रुपये नहीं देने पर मारा चाकू

## मदन-महल रेलवे स्टेशन की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** मदनमहल रेल्वे स्टेशन, प्लेटफार्म नंबर 01, सायकिल स्टैण्ड पर बदमाशों ने एक युवक को चाकू से ताबडतोड़ हमला कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। मदनमहल पुलिस ने बताया कि अंकित कुलदीप पिता कमल कुलदीप 19 वर्ष निवासी इन्द्रा बस्ती शारदा चौक थाना गढ़ा जिला जबलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी मोटर सायकिल गाड़ी से अपनी बहन जिज्ञासा बैरागी को ओवर नाईट ट्रेन से इंदौर के लिये जाने को मदनमहल स्टेशन आया था ।

गाड़ी स्टैण्ड में खडी कर बहिन को छोडने् के बाद जैसे ही समय करीब रात्रि 11.50 बजे अपने गाडी निकालकर जाने को होने लगा उसी समय निखिल अन्ना निवासी बी.टी. तिराहा, प्रशांत काला निवासी गोरखपुर, गब्बर ठाकुर निवासी गुप्तेश्वर के व मोहित पाण्डेय आये और शराब पीने के लिये पैसे मांगने लगे जिस पर मैंने चारों को पैसा देने के लिये मना किया तो सभी विवाद करने लगे। उसकी समय गब्बर ठाकुर अपने पास से चाकू निकालकर मार दिया। निखिल न डंडे से मारा। चारो लोग अगली बार जान से खत्म कर देने की धमकी देते हुए मदन महल चौक तरफ भाग गये।

### वेंडर पर हमला

घमापुर थाने में अनिस कुचबंधिया पिता मनीष कुचबंधिया 22 वर्ष निवासी तेल मिल कुचबंधिया मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रेल्वे स्टेशन में बेन्डर का काम करता है। बीती रात्रि 10 बजे घर से पैदल रेल्वे स्टेशन के लिए निकला था जैसे ही में दीपक डेरी के पीछे वाले रास्ते से जाते हुये शिव मंदिर के पास पहुंचा वहां पर मनोज केवट एवं उसका लडका गप्पू कुचबंधिया से झगड़ा कर रहे थे उसने मनोज को समझाने लगा तो मनोज ने उस पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी।

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित

जबलपुर,देशबन्धु। अपराध करने के बाद लंबे अर्से से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी पर एसपी संपत उपाध्याय ने इनाम की घोषणा की है। जिसके तहत पनागर थाने में दर्ज प्रकरण में फरार चल रहे ब?ा पत्थर रांझी निवासी 30 वर्षीय चन्नू कोल पिता चरण कोल पर पांच हजार, विजय नगर थाने के मामले में फरार तुलसी नगर निवासी 27 वर्षीय दुर्गेश विश्वकर्मा व कटनी रीठी निवासी 21 वर्षीय साहिल ठाकुर पिता प्रदीप सिंह ठाकुर पर पांच-पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। इसी तरह विजय नगर थाने में दर्ज प्रकरण में फरार कोतवाली एसबीआई कालोनी निवासी शैलेन्द्र वंशकार पर तीन हजार व चेरीताल निवासी 30 वर्षीय शुभम गोटिया पिता मुन्ना गोटियां की गिरफ्तारी पर तीन हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की गई है।

# सिर्फ प्रदेश के आवेदकों को किया जाये वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकित

## हाईकोर्ट बार ने मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर ने चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत को पत्र लिखकर मांग की है कि सिर्फ प्रदेश के आवेदकों को वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकित करने पर बल दिया गया है। प्रदेश के बाहर के किसी आवेदक के नाम पर विचार न किया जाए। हाई कोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी ने बताया कि बुधवार को आपात बैठक आहूत की गई। जिसमें कार्यकारिणी ने प्रस्ताव पारित किया। इसके जरिए तय किया गया कि प्रदेश के बाहर के जो वकील एमपी स्टेट बार काउंसिल में नामांकित सदस्य नहीं हैं, जिनका जन्म मप्र में नहीं हुआ है और जिन्होंने मप्र में शिक्षा अर्जित नहीं की है, वे मप्र हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकित नहीं होने चाहिए। इसी तरह जो अधिवक्ता हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर या खंडपीठ इंदौर-ग्वालियर में नियमित पैरवी नहीं करते, वे भी वरिष्ठ अधिवक्ता नमांकित नहीं किए जा सकते। इसके अलावा हाई कोर्ट को वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकन की प्रक्रिया में हाई कोर्ट बार से भी रायशुमारी करनी चाहिए। इसी प्रस्ताव के आधार पर मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा गया है।

# थाना परिसरों में मंदिर निर्माण का विरोध अनुचित

## मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार बनेगा इंटर विनर

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव पारित किया कि है जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों के थाना परिसरों में मंदिर निर्माण पर रोक की मांग संबंधी जनहित याचिका का विरोध किया जाएगा। इसके लिए कानूनी कदम उठाते हुए बार इंटर विनर बनेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरह के प्रकरण धार्मिक उन्माद उत्पन्न करते हैं और धर्म विशेष को मानने वालों की आस्था आहत होती है। इसके अलावा सामाजिक सौहार्द्र भी बिगड़ता है।

कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष अधिवक्ता धन्य कुमार जैन ने की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, सचिव परितोष त्रिवेदी, संयुक्त सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, लाइब्रेरी सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, गरिमा तिवारी, रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रियांक चंसोरिया व स्मिता केहरी उपस्थित थे।

# गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट पुलिस ने सरस्वती घाट हरे कृष्ण आश्रम के पास से एक गांजा तस्कर को दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने दो किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा व मोटर साइकिल जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बिलखरवा निवासी 23 वर्षीय रितिक पटेल हरे रंग के थैले में गांजा लेकर मोटर साइकिल से जा रहा है। जिस पर पुलिस ने सरस्वती घाट हरे कृष्ण आश्रम के पास घेराबंदी कर बाइक सवार रितिक पटेल को रोक लिया। जिसके पास से मिले थैले से पुलिस ने दो किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा व बाइक जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

# ट्रक की टक्कर से चालक घायल

## पनागर कुशनेर के समीप हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्रांतर्गत कुशनेर में अपना ढाबा के समीप बीती रात एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक कार को साइड से टक्कर मार दी। जिससे कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं उसके चालक को भी चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि गौरी घाट रेवा विहार कालोनी निवासी 39 वर्षीय रोहित सोनी फाइनेंस कंपनी में काम करता है। बीती शाम वह अपनी मारूती सिलेरियों कार क्रमांक एमपी 20 सीजी-0962 से अपने छोटे भाई गोपाल सोनी और राहुल सोनी के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने सिहोरा जा रहा था। रात्रि करीब 8.20 बजे जैसे वे कुशनेर अपना ढाबा के समीप पहुंचे, उसी समय पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 64 बीटी 7366 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक को कार से सटाकर निकाला, जिससे चालत तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कार चला रहे रोहित को भी चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मौके से ट्रक को जब्त कर आरोपी चालक विनोद को अभिरक्षा में लेते हुए प्रकरण को विवेचना में लिया है।

# महिला से दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाना अंतर्गत खेत में बुआई-कटाई का कार्य कर रही महिला के साथ युवक ने दुराचार किया। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोरा में 30 वर्षीय महिला बुआई कटाई का काम रवि पटेल के यहां करती है। रात में जब वह शौच के लिए निकली तो गांव के साहिल पटेल उसे जबरदस्ती खेत में ले गया जहां उसके साथ रेप किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# बदमाश ने घर को फूंका

**जबलपुर,देशबन्धु।** गणेश चौक में एक बदमाश ने घर में आग लगा दी और भाग गया। घमापुर पुलिस के मुताबिक सुनील वंशकार निवासी मरघटाई रोड के घर के बगल में दो तीन रूम खाली पड़े हैं जहां करन साथियों के साथ शराबखोरी करता है जिस पर सुनील ने मना किया था।

# रजिस्ट्रार की नियुक्ति को हाईकोर्ट ने ठहराया अवैध

## सागर विवि का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने सागर के डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद पर डॉ. रंजन कुमार प्रधान की नियुक्ति को अवैध ठहराया है। जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने कहा है कि विज्ञापन में दी गई अनुभव की शर्तें डॉ. प्रधान पूरी नहीं करते, जिस कारण वह उक्त पद के योग्य नहीं है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने एकलपीठ के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें डॉ. प्रधान को रजिस्ट्रार पद पर बहाल करने के निर्देश दिये गये थे।

हाईकोर्ट में यह अपील हरिसिंह गौर विवि के कुलपति की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि रजिस्ट्रार पद पर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन पर डॉ. रंजन कुमार प्रधान ने 15 मार्च 2022 को ऑनलाइन आवेदन किया। इसके बाद विवि के कार्यपरिषद की बैठक में चयन समिति की अनुशंसा पर डॉ. प्रधान की नियुक्ति के आदेश 29 दिसंबर 2022 को जारी हुए। डॉ. प्रधान डीआरटी गुवाहाटी से कार्यमुक्त तो हुए लेकिन नीति आयोग द्वारा वीआरएस मंजूर करने के बाद भी वो रजिस्ट्रार के पद पर ज्वाइन नहीं कर सके। इसी बीच विवि प्रशासन ने नीति आयोग और डीआरटी गुवाहाटी से मिली जानकारी के आधार पर डॉ. प्रधान को शोकॉज नोटिस देकर कहा कि वे रजिस्ट्रार पद के लिए उपयुक्त योग्यता नहीं रखते। इससे पहले विवि की छानबीन समिति ने दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद 8 नवम्बर 2023 को अपनी रिपोर्ट देकर रजिस्ट्रार के पद पर डॉ. प्रधान की नियुक्ति निरस्त करने की अनुशंसा की। इसके बाद विवि की कार्यपरिषद ने 1 दिसंबर 2023 को प्रस्ताव पारित करके डॉ. प्रधान की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी। इसके खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 31 मई 2024 को याचिकाकर्ता के खिलाफ की गई कार्रवाई निरस्त करके उन्हें पद पर बहाल करने के आदेश दिए थे। एकलपीठ के उक्त आदेश के खिलाफ यह अपील दायर की गई थी।

# हाईकोर्ट में लागू नहीं किया जाता आरक्षण नियम

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट में होने वाली भर्तियों में आरक्षण नियम लागू नहीं किये जाने के चुनौती देते हुए जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सुनवाई के बाद सभी भर्तियां याचिका के निर्णयधिन रहने के आदेश जारी किये है। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति तथा जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ( अजाक्स ) की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 मे एससी तथा एसटी का एक भी अभ्यर्थी का चयन नहीं हुआ है। परीक्षा के रिजल्ट मे अनारक्षित वर्ग का कट ऑफ 113 अंक तथा ओबीसी के लिए 109 अंक थे। आरक्षित वर्ग के जिन मेरिटोरियस छात्रों ने 113 से 129 अंक प्राप्त उनका चयन अनारक्षित वर्ग में नही किया गया। एससी-एसटी वर्ग के एक भी अभ्यर्थी का चयन नहीं होने के कारण हाईकोर्ट ने नॉट फॉर सूटेबल मानकर रिक्त पदों को सामान्य वर्ग से भरने की अनुमति प्राप्त करने प्रदेश शासन को पत्र लिखा है।

याचिका में कहा गया था कि पूर्व में दायर की गयी याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्वीकार किया था कि प्रारंभिक तथा परीक्षा में अनारक्षित वर्ग के 50 प्रतिशत अभ्यर्थियों का चयन नहीं किया जाता है। स्टेनो तथा सहायक ग्रेड 3 के पदों पर भर्ती के लिए अनारक्षित वर्ग का कट ऑफ 74 तथा आरक्षित वर्ग के लिए कट ऑफ 88 अंक था। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट में होने वाली भर्तियों में आरक्षण नियम तथा प्रदेश सरकार के




गाइडलाइन का पालन नहीं किया जाता है। याचिका में कहा गया था कि साक्षात्कार में 50 में 20 अंक लाना अनिवार्य है। हाईकोर्ट संविधान के अनुच्छेद 234 का हवाला देकर इसे मनमाने रूप से लागू करती है। याचिका की सुनवाई करते हुए युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि हाईकोर्ट में होने वाली भर्तियां याचिका के निर्णयधिन रहेंगी। युगलपीठ ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल,प्रमुख सचिव तथा विधि सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर तथा विनायक शाह ने पैरवी की।

# जेडीए के बाबू को चार साल की सजा, 35 लाख का जुर्माना

## आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकायुक्त कोर्ट का फैसला

**जबलपुर,देशबन्धु।** लोकायुक्त अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में जबलपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व लिपिक को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश अमजद अली खान की अदालत ने आरोपी को चार साल के कारावास तथा 35 लाख रुपये का जुर्माना की सजा से दंडित किया है।

लोकायुक्त की तरफ से पक्ष रखते हुए विशेष लोक अभियोजक प्रशांत शुक्ला ने न्यायालय को बताया कि 14 फरवरी 2012 को लोकायुक्त ने आरोपी आरोपी मुकेश दुबे के खिलाफ मामला दर्ज करके उसके विजय नगर स्थित निवास पर छापा मारा था। जांच के दौरान आरोपी के पास 43 लाख 65 हजार से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति बरामद की गई थी। दबिश के दौरान आरोपी के पास 43 लाख 65 हजार से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति बरामद की गई थी। आरोपी तथा उसकी पत्नी के वैध आय स्त्रोत से कुल 7513141 आय होनी चाहिये थी। उनके पास से लगभग 1 करोड़ 19 लाख का व्यय किया जाना पाया गया। आरोपी के पास से वैध स्त्रोत से 55 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली थी। लोकायुक्त ने आरोपी के विरूध्द 21 दिसम्बर 2016 को चालान प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन की तरफ से 45 तथा आरोपी की तरफ से 33 साक्षियों का परीक्षण करवाया गया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान पेश किये गये साक्ष्य व गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया।

# 22 नवम्बर तक के लिए खुलेगा ऑनलाइन मान्यता पोर्टल

## सौ बिस्तर अस्पताल की शर्त से राहत प्राप्त कॉलेज कर सकेंगे आवेदन

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग फर्जीवाड़े मामले में आज लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका के साथ सभी अन्य नर्सिंग मामलों की सुनवाई मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की प्रिंसिपल बेंच में जस्टिस संजय द्विवेदी एवं जस्टिस एके पालीवाल की युगलपीठ की स्पेशल बेंच के समक्ष हुई। न्यायालय ने एक दिन देरी से पोर्टल खुलने को मद्देनजर रखते हुए 22 नवंबर तक पोर्टल खोले रखने की व्यवस्था दी है। जहां सौ बेड अस्पताल की शर्त से छूट प्राप्त 2013 से पहले के कॉलेज कर सकेंग

गौरतलब है कि नर्सिंग कॉलेजों की ओर से दायर मामले में कहा गया कि कॉलेज का संचालन 2011 से किया जा रहा है वर्तमान में सत्र 2024-25 के मान्यता पोर्टल में एमपी नर्सिंग काउंसिल द्वारा आवेदन भरने नहीं दिया जा रहा है। वर्ष 2013 के पूर्व से संचालित कॉलेज जिनके स्वयं के 100 बिस्तरीय अस्पताल न होने के कारण मान्यता आवेदन नहीं भर पा रहे थे, उन्हें हाईकोर्ट ने राहत देते हुए इस सत्र में पूर्व सत्र की भाँति मान्यता प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश दिये थे, मामले में नर्सिंग काउंसिल की ओर से न्यायालय में कहा कहा गया कि मान्यता का पोर्टल हाईकोर्ट के आदेशानुसार तीन दिवस हेतु खोला जा रहा है, जो कि 19 नवंबर से 21 नवम्बर के स्थान पर 22 नवम्बर तक खोला जावेगा, जिसमें याचिकाकर्ता भी अपना आवेदन कर सकते है, इस आधार पर हाईकोर्ट द्वारा बीएम नर्सिंग कॉलेज की याचिका का निराकरण कर दिया गया ।

# सेवानिवृत्त कर्मी से रिकवरी पर अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त कर्मी से रिकवरी को चुनौती संबंधी मामले में प्रमुख सचिव कृषि कल्याण सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अशोक कुमार सेन की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन व प्रवीण सेन ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता कृषि यांत्रिकी विभाग जबलपुर में सहायक ग्रेड-टू के रूप में कार्यरत था। जो कि 30 नवंबर 2020 को सेवानिवृत्त हो गया। जिसके बाद विभाग ने 96 हजार 436 रुपये की रिकवरी निकाल दी। जिसके विरुद्ध पहले विभागीय स्तर पर आवेदन किया गया। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो हाईकोर्ट की शरण ली गई। क्योंकि रफीक मसीह सहित अन्य न्यायदृष्टांतों के अनुसार सेवानिवृत्ति के बाद रिकवरी नहीं की जा सकती। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को मामले में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# राशन दुकान सस्पेंड करने का आदेश निरस्त

## निवाड़ी जिले का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने निवाड़ी जिले की एक राशन दुकान को सस्पेंड करने का आदेश को निरस्त कर दिया है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने कहा है कि बिना फाईनल ऑर्डर पास किये राशन दुकान को लंबे समय तक बंद नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता को नया नोटिस देकर उसे सुनवाई का का मौका देकर फाईनल ऑर्डर पास करें। उक्त मत के साथ न्यायालय ने दायर मामले का पटाक्षेप कर दिया।

यह मामला जिला महिला बहुउद्देशीय एवं औद्योगिक सहकारी समिति निवाड़ी की अध्यक्ष सरोज वर्मा की ओर से दायर किया गया था। जिसमें 11 जनवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत याचिकाकर्ता को राशन दुकान का आवंटन निरस्त कर दूसरे को दिये जाने के निर्देश दिये गये थे। आवेदक की ओर से अधिवक्ता अनिल लाला ने पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि नोटिस जारी करने के बाद आवंटन समिति निलंबन को ही अंतिम आदेश मान रहे, जो अवैधानिक है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए मामले का निराकरण कर दिया।

# खाद वितरण केन्द्र से फिर निराश होकर लौटे किसान

**शहपुरा भिटौनी, देशबन्धु।** शहपुरा तहसील का महत्वपूर्ण मात्र एक खाद यूरिया डी पी ए वितरण केंद्र जिसमें लगभग तीन सौ गाँव आते हैं जहां एक माह से खाद मिल रहा जो प्रतिदिन 35 किसानों को ही मिल पाता है पचास से अधिक कि मी से किसानों नो आना पड़ता है निराश होकर लौट जाते हैं यह विडम्बनाक्षेतकेप देश के अन्य दाता की वन गई है

किसानों की ज़मीन खाद के विना उनकी आत्मा चिंताओं से घिरी हुई है अगर आठ दिन ओर खाद यूरिया नहीं मिलने पर वोनी से वंचित रह जाए गे वाद में पानी विधुत की परेशानी कम नहीं रहेगी

ध्यान रहे कि कायलय 11 वजे खुलता है अधिकारी आते पाँच वजे बंद हो जाता है अधिकारी गण तहसील एस डी एम के यहाँ भेजत है वही ज़िलाध्यक्ष कार्यालय से नई लाटरी पद्धति की योजना बनाई पर अभी तक कोई इस योजना का लाभ नहीं मिला लोगों का सुवह से आना प्रारंभ हो जाता है। वताया जाता है लाटरी सिस्टम क्या है उपस्थित किसानों की लाटरी पद्धति गाँव के पास से लोगों को वही की आधार काड की फ़ोटो कॉपी आदि




यह शोचनीय विषय है कि राजस्व रिकॉर्ड पटवारी के पास रहता कोन फ़सल किसान ने वोई कोन सी फसल के लिए उसकी खाद यूरिया खाद जैविक खाद की ज़रूरत है कितनी ज़रूरत है यह रिकाड पटवारी के पास हल्का के आधार पर होता है नियम के अनुसार पटवारी मुख्यालय मे रहकर भी परमिट दे सकता है साथ-साथ सहकारी समितियों के माध्यम से भी वितरित किया जा सकता है जो किसानों को सुविधा जनक है उनके गा्मो के पास है

शहपुरा में आज कृषि उप संचालक कृषि अपनी टीमों के साथ आये किसानों से चर्चा की ओर आपना उनका आकोश देखा ध्यान रहे पूर्व में पुलिस के संरक्षण में भी टोकन वटे

ध्यान रहे कि इस आकोश अधिकारी के साथ सरकार पर किसानों उतरेगा और क्षेत्रीय नेताओं पर भी ज़िलाध्यक्ष महोदय को ध्यानपूर्वक ज्ञात हो होना चाहिए कि जवलपुर संभाग कृषि उत्पादन में अवल विपुल उत्पादन से सरकार को भी लाभ है किसान तीन फसलें साल में लेता जो देश की अर्थव्यवस्था को मजवूत वनाता वह निराश किया गया तो क्या होगा किसानों कम नुक़सान होता है पर सरकार का अधिक पसासन को चाहिए कि कृषि उपकरण नीतियों खाद यूरिया खाद जैविक खाद दवाइयाँ लागू करने राजस्व विभाग कृषि विभाग और खाद यूरिया एजेंसी ओ की संयुक्त टीम वनाकर युद्ध स्तर पर किसानों की मदद करने की कोशिश करे अभी हाल में कृषि उप संचालक कृषि त्र्ही निगम सर मेडम खाद अधि कारी ने किसानों से वात चीत की जन आकोश देखा एसी स्थिति में सूजज वुझकी है फ़सल कम होने पर सरकार को कई तरह-तरह से नुक़सान हो सकता है। इस अव्यवस्था से काला वजारी नकली दवाओं खाद का प्रयोग से किसका नुक़सान होगा समय वतायेगा ध्यान रहे किसानों ने वताया की जिस तरह फसल वीमा लिया जाता उसी तरह हमें खाद यूरिया ना मिलने पर हम लेने के हक़दार रहेगे। शहपुरा में किसानों का आकोश व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए

राजेंद्र बंधु जैन दुवारा

लाटरी पद्धति नही राजस्व पटवारी हल्का वार करे और जीन्स के आधार पर खाद की व्यवस्था की जाय किसानों के परामर्श के अनुसार यह व्यवस्था ठीक होगी और विचार विमर्श किया जाएगा।

# सिहोरा श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**सिहोरा,देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुन्दर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं सु-भाष क्लब के संयुक्त तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज श्रीवास्तव और आई.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. सुनु आर. के. मैथ्यू के मार्गदर्शन में आयोजित हुई।




## भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के प्रयास पर निबंध प्रतियोगिता

प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता को उजागर करना और विद्यार्थियों को अपने विचारों को सारगर्भित तरीके से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। आयोजन में कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने विचारोत्तेजक निबंध प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों को तीन विषयों में से एक का चयन कर न्यूनतम 500 शब्दों का निबंध प्रस्तुत करना था। ये विषय थे- भारतीय परंपरा में कर्म की अवधारणा, आध्यात्मिकता, जीवन और समाज- भारतीय दृष्टिकोण, और भारतीय परंपरा में वर्ण व्यवस्था। प्रतिभागियों ने गहन चिंतन और अनुसंधान के साथ अपने निबंधों में भारतीय दर्शन, संस्कृति और समाज के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उनके विचारों ने न केवल भारतीय परंपरा की गहराई को समझाया, बल्कि आधुनिक समाज के लिए उनकी प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में रागिनी कुशवाहा और श्री अनिल राजपूत का विशेष योगदान रहा।

## सार-समाचार



# ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**सिहोरा,देशबन्धु।** शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा के प्रभारी बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव, संकुल प्राचार्य जे एल खांडे,बीएसी अश्वनी उपाध्याय की उपस्थिति में आयोजित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में 7 जन शिक्षा केंद्रों के 69 मॉडलों का रजिस्ट्रेशन कराया गया था जिसमें 35 मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें विज्ञान ,सामाजिक विज्ञान, गणित और पर्यावरण विषय के मॉडलों का प्रस्तुति करण छात्र छात्राओं ने किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सुंदर व उपयोगी मॉडल बनाए। जांच टीम द्वारा बनाए गए मॉडलों का निरीक्षण करते हुए मॉडल की उपयोगिता के बारे में छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछे बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडल को देखकर जांच टीम के शिक्षक शिक्षिकाएं देखकर दंग रह गए।

ये रहे जांच टीम में.... दीप्ति सिंह राजपूत संतोषी कोरी, श्रीमती माधुरी उरमालिया, ज्योति हल्दकार,रागनी चौरसिया, सरिता सिंह,अहसानउल अंसारी, नरेश पटेल,जनशिक्षक श्यामराव मांडेलकर रहे सहयोगी शिक्षकों में जयप्रकाश तिवारी, प्रियंका नायक,महेंद्र त्रिपाठी, योगेन्द्र मिश्रा ,राम किशोर हल्दकार, प्रदीप प्यासी आदि उपस्थित रहे।



# विज्ञान प्रदर्शनी में बरेला जनशिक्षा केंद्र की छात्रा ने मारी बाजी

**बरेला,देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र जबलपुर ग्रामीण द्वारा विगत दिवस तीसरे स्तर की विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी बीआरसीसी केशव प्रसाद दुबे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 6 से 8 स्तर पर माध्यमिक समूह से जनशिक्षा केंद्र बरेला के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला हिनौतियाभोई की कक्षा 8वीं की छात्रा सुहानी मरावी ने सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन विषय पर आदर्श ग्राम के माडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त माडल के निर्माण में शाला के प्रधानाध्यापक संतोष सिंह मरावी एवं शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

इसी प्रकार जन शिक्षा केंद्र बरेला से शासकीय हाईस्कूल बैरागी की छात्रा दीपाली पटेल कक्षा 8वीं ने भी इतिहास विषय के अपने माडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर प्राचार्य आशीष कुमार पण्डया, जनशिक्षक संतोष झारिया,नीरज साहू, प्रधानाध्यापक संतोष सिंह मरावी,शिक्षकगणों में मीना गौर, गिरीश नारायण सिंह, अखिल खरे एवं ममता पटेल ने अपनी शाला एवं जनशिक्षा केंद्र की छात्रा की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। छात्रा एवं शाला को बधाई दी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के शासकीय विद्यालय में युवक-युवतियों को डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद पर नौकरी दिलाये जाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 50 हजार 200 रूपए की ठगी किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी दिवाकर मिश्रा पिता नरेन्द्र मिश्रा को गिरफ्तार करते हुए उसे रिमांड में लिया जाकर धोखाधड़ी एवं ठगी में लिए गए रूपए बरामद किये जाने हेतु आरोपी के सभी बैंक अकाउंट सीज करा दिए गए हैं।

# चौ.अशोक कुमार का निधन

शहपुरा जैन समाज के सम्माननीय प्रतिष्ठित चौधरी परिवार, समाज के संरक्षक दादा चौ.अशोक कुमार जी का अभी अभी विशुद्ध भावनाओं के साथ स्वर्गवास हो गया है,सकल दिगम्बर जैन समाज शहपुरा उनके चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं।

# इंजन की चिंगारी से लगी आग

**शहडोल, देशबन्धु।** धान गहाई के दौरान ट्रैक्टर के इंजन से उठी चिंगारी ने खलिहान में रखी 250 बोरी से अधिक धान सहित ट्रैक्टर एवं थ्रेसर को जला राख कर दिया है। घटना जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में घटी है। चंद मिनट में ही आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि जब तक लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही आग ने अपने आगोश में ट्रैक्टर, धान एवं थ्रेसर को ले लिया और सब कुछ जलकर राख हो गया, जिससे किसान का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। जिसमें यह साफ दिख रहा है कि आग कितने विकराल रूप में थी। यह वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के मलौटी गांव में धान की गहाई के लिए किसान रामचंद्र सिंह कंवर ने गांव के एक ट्रैक्टर को किराए पर बुलवाया था, जिसमें थ्रेसर लगा हुआ था, जो धान की गहाई कर रहा था। अचानक इंजन गर्म हुआ और इंजन से उठी चिंगारी से आग लग गई। किसान ने बताया की खलिहान में 250 बोरी से अधिक धान रखी हुई थी, आग लगने से पहले तो धान जली और ट्रैक्टर में लगी आग से थ्रेसर और इंजन जलकर राख हो गया, जिससे किसान का काफी नुकसान हुआ है।घटना के दौरान वहां पर काफी लोग मौजूद थे, लेकिन आग ने इतनी जल्दी अपने आगोश में ले लिया कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए।

# फर्जी अंकसूची से दाखिला लेने वाले 20 छात्रों को तीन साल की सजा

## आईटीआई जैतहरी में 2012-13 में षड़यंत्रपूर्वक प्रवेश लिया, अदालत ने लगाया पांच-पांच हजार का जुर्माना भी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** आईटीआई जैतहरी में फर्जी अंकसूची लगाकर प्रवेश पाने वाले 20 छात्रों को न्यायालय में द्वारा तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास वा पांच-पांच हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।




प्रथम अपर सत्र नयायाधीश अनूपपुर के न्यायाधीश पंकज जायसवाल के न्याायालय ने सत्र प्रकरण क्रमांक 200007/2016 थाना जैतहरी के अपराध क्रमांक 70/14 धारा 420, 471, भादवि में आरोपीगण राघवेन्द्र कुमार, सुरेश सिंह राठौर, झल्लू सिंह उर्फ मनोज राठौर, रामखेलावन राठौर, उतेन्द्र सिंह राठौर, रवि सिंह राठौर, संदीप कुमार, जितेन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार द्विवेदी, शकुन राठौर, बीना देवी कोल, अमर सिंह राठौर, प्रकाश कुमार केवट, मनोज कुमार राठौर, लीलाधर, अनिल कुमार, संतोष कुमार राठौर, मनोज कुमार पिता उदय सिंह राठौर एवं चरण सिंह राठौर को तीन -तीन वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच-पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा की गई।

मामले की जानकारी के अनुसार अधीक्षक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जैतहरी ने 17 अप्रैल 2014 को थाना जैतहरी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2012-13 में प्रवेश लेने वाले छात्रों में से कुछ छात्र फर्जी अंकसूची लगाकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जैतहरी में षड्यंत्र पूर्वक प्रवेश लिया हैं।

उक्त शिकायत पर आरोपीगण के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि 1860 के तहत पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया और अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग-पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां विचारण उमरांत न्यायालय द्वारा अभियुक्त गण को दोषी पाते हुए उपरोक्त दंड से दंडित किया गया है।



# वैश्य महासम्मेलन संभागीय कोर समिति की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णय

**पनागर,देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता प्रिंस के संस्कारधानी जबलपुर आगमन पर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष पदम मोदी द्वारा जिला ग्रामीण की ओर से पुष्पहारों से स्वागत किया एवं उनसे संगठन के विषय पर विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर संभागीय कार्यालय में आयोजित संभागीय कोर ग्रुप में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व गृहमंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता जी द्वारा निर्धारित एजेंडा के 14 विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई एवं सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए संगठन के विषय में अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई वही सन 25 के कैलेंडर वितरण के साथ ही प्रभारी की भी नियुक्तियां की गई प्रदेश महामंत्री एवं जबलपुर संभाग के प्रभारी समाजसेवी संदेश जैन प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल संभाग के अध्यक्ष संजय साहू संभाग महामंत्री विमल जैन महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन श्रीमती आभा साहू श्रीमती साधना बड़कुल श्रीमती आभा जैन अतुल चौरसिया जितेंद्र देव गुप्ता अजय जैन तेंदूखेड़ा सुधीर जैन करेली अमित जैन करेली आयुष कटहल मनीष अग्रवाल सचिन गुप्ता जिला महामंत्री अग्रवाल जबलपुर जिला ग्रामीण की महिला अध्यक्ष श्रीमती छाया जैन युवा इकाई जबलपुर ग्रामीण प्रभारी हेमचंद असाटी आदि नरसिंहपुर जिले एवं जबलपुर शहर की पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन संभागीय अध्यक्ष संजय साहू एवं अंत में आभार श्रीमती छाया जैन ने किया।

# तेज रफ्तार वाहन हैंडपंप से टकराया, पानी भरता वृद्ध घायल

**शहडोल,देशबन्धु।** शहडोल के देवलौंद थाना क्षेत्र के बुड़वा गांव में एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन सड़क किनारे लगे हैंडपंप से टकरा गया, जिसकी चपेट में आने से पानी भर रहे एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। बोलेरो में पुलिस की वर्दी मिली है। देवलौंद पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन देवलौंद थाना क्षेत्र के बुड़वा गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल बरका तालाब के पास सड़क किनारे लगे हैंडपंप से टकराते हुए पलट गया। उस दौरान हैंड पंप में पानी भर रहे ददन बैस (65) उसकी चपेट में आ गए और गंभीर घायल हो गए।

# दो उपकेंद्रों से होगी धनपुरी में बिजली सप्लाई ,जिले का पहला गांव, इमरजेंसी में अस्सी गांवों को होगा फायदा

**बरेला,देशबन्धु।** ग्राम पंचायत धनपुरी में किसानों और आम जनता की सहूलियत के लिए दो उपकेंद्रों से एक साथ बिजली सप्लाई करने का कार्य सम्पन्न हुआ ।ज्ञात हो धनपुरी के लोगो ने पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदु को धनपुरी में बिजली कटौती की समस्या से अवगत कराया था जिस पर विधायक के दिशा निर्देश पर मध्यप्रदेश पूर्व छेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर के अधीक्षण अभियंता नीरज कुचिया,कार्यपालन अभियंता नीरज परस्ते , सहायक अभियंता अमित सक्सेना , कनिष्ठ अभियंता राजीव चौधरी ने एस टी सी विभाग को निर्देशित कर धनपुरी में बरेला उपकेन्द्र एवं पड़वार उपकेन्द्र से बिजली सप्लाई का कार्य कराया एवं आम जनता को राहत दी।इस कार्य को कराने में बरेला मंडल अध्यक्ष प्रतीक दुबे , पूर्व सरपंच अमित शुक्ला ,मंडल उपाध्यक्ष राजू रजक ,धनपुरी सरपंच विमला ठाकुर का पूर्ण सराहनीय सहयोग रहा।

# बालिका से दुर्व्यवहार करने वाले को तीन साल की सजा

**सतना, देशबन्धु।** न्यायालय नागौद अंतर्गत प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सचिन शर्मा की अदालत ने घर में घुसकर बालिका से दुर्व्यवहार करने वाले को कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी वीरेंद्र विश्वकर्मा पिता शिवकुमार विश्वकर्मा (25) निवासी पीपल चौराहा नागौद को पॉस्को एक्ट की धारा 8 सहपाठित धारा 7 में 3 वर्ष सश्रम कारावास सहित 3000 रुपए अर्थदंड, पॉस्को एक्ट की धारा 12 सहपाठित धारा 11 में 1 वर्ष सश्रम कारावास सहित 3000 अर्थदंड, धारा 354 आईपीसी में 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 अर्थदंड, धारा 354क आईपीसी में 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड, धारा 354घ आईपीसी में 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 अर्थदंड, धारा 457 आईपीसी में 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 अर्थदंड से दंडित किया है। कुल सजा 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। इस मामले में मध्यप्रदेश राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक विनोद प्रताप सिंह ने पैरवी की है।



सहायक अभियोजन प्रवक्ता विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि 26 नवंबर 2020 को परिजनों के साथ आई पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई कि 24 नवंबर को वह और उसकी बुआ की लड़की घर के ऊपर वाले कमरे में थे। उसकी बुआ की लड़की सो गई थी, वह पढ़ाई कर रही थी। तभी रात लगभग 11 बजे वीरेंद्र विश्वकर्मा उसके कमरे में आया और जबरदस्ती पकड़ कर कमरे के बाहर ले जाने लगा तो वह चिल्लाई। शोर सुनकर बुआ की लड़की जाग गई तो वह मम्मी पापा को बुलाने लगी। इस बीच वीरेंद्र धमकी देकर भाग गया। इसी मामले में अदालत ने बयान, तथ्यों और साक्ष्यों पर गौर करते हुए सजा सुनाई है।

# पढ़ाते मिला किराये का शिक्षक, शिक्षिका निलंबित

## सेमर कछार की प्राथमिक शाला का मामला प्राचार्य व अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह निरीक्षण में पाया गया कि शिक्षिका द्वारा गांव के ही मंगल सिंह गोड़ को स्कूल में तीन हजार रुपए प्रति माह पर अध्यापन कार्य करने को रखा गया है और स्वयं स्कूल में उपस्थित नहीं होती हैं। इस लापरवाही से स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या भी काफी कम है।

जिले के बटियागढ़ ब्लाक के शासकीय प्राइमरी स्कूल सेमर कछार में पदस्थ महिला शिक्षिका के द्वारा किराए पर शिक्षक रखा था। अधिकारियों के निरीक्षण में यह बात सामने आई तो वह भी हैरान रह गए। इसके बाद शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। किराए के शिक्षकों का मामला सामने आने के बाद अब दमोह का शिक्षा विभाग भी नींद से जाग गया है। दरअसल मंगलवार को बटियागढ़ बीईओ द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान बटियागढ़ विकासखंड के शासकीय प्राइमरी स्कूल सेमर कछार का जायजा लिया। वहां पर पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका मिथलेश श्रीवास्तव अनुपस्थित पाई गईं। निरीक्षण में पाया गया कि शिक्षिका द्वारा गांव के ही एक व्यक्ति मंगल सिंह गोड़ को स्कूल में तीन हजार रुपए प्रति माह पर अध्यापन कार्य करने रखा गया है और स्वयं स्कूल में उपस्थित नहीं होती हैं।

उनकी इस लापरवाही से स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या भी काफी कम है। संस्था से अनुपस्थित रहने की वजह से शैक्षणिक कार्य व शालेय गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसके चलते शिक्षिका मिथलेश श्रीवास्तव को जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्हें निलंबन अविध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बटियागढ़ मुख्यालय नियत किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी नेमा ने इस मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बटियागढ़ और संकुल प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा जबाब समय सीमा में देने के निर्देश दिये है। लोक शिक्षण संचालनालय व कलेक्टर के प्रतिबंध के बावजूद पूरे जिले में सौ से अधिक शिक्षकों के मनमाने तरीके से अटैचमेंट किए गए हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। छिटपुट कार्रवाई से स्थिति सुधरने वाली नहीं है।

# इधर महिलाएं प्रसाद लेतीं, उधर गले से चेन गायब

**शहडोल, देशबन्धु।** नगर के पॉलिटेक्निक मैदान में पिछले दिनों राम कथा का आयोजन हुआ था। इस कथा में आने वाली महिला श्रद्धालुओं के गले से सोने की चेन लगातार निकाली जा रही थी। कथा स्थल पर हो रही चयन स्नैचिंग से पुलिस भी हैरान थी। चेन स्नेचिंग का पता लगाने के लिए महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की एक टीम कथा स्थल पर कथा सुनने रोजाना पहुंचने लगी। तब माजरा समझ में आया कि कुछ महिलाएं शातिराना तरीके से इस घटना को अंजाम दे रही है। बाद में पुलिस ने इन सभी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। इन लुटेरी महिलाओं में कई उत्तर प्रदेश और बिहार की भी हैं। महिलाओं के कब्जे से पुलिस ने कुल 100 ग्राम वजन की पांच सोने की चेन बरामद की है। पुलिस के अनुसार श्रीराम कथा में प्रसाद वितरण के दौरान ये महिलाएं चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देतीं थी। कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में कथा सुनने भेजा गया। चार दिन तक कथा के दौरान श्रोता भक्तों के बीच समय बिताने के बाद कुछ संदिग्ध महिलाओं की पहचान की गई। पीछा करने पर पता चला कि शहडोल से 40 किलोमीटर दूर बीरसिंहपुर रेलवे स्टेशन में महिलाओं ने डेरा जमा रखा है। वहां से वे ऑटो व दूसरे साधन से कथा स्थल तक पहुंचकर चेन स्नेचिंग करती थीं।

**कैंची से चेन काट लेतीं थी**

कोतवाली प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि यह लुटेरी महिलाएं प्रसाद वितरण का समय इसलिए चुनतीं थी कि उस समय महिलाओं का पूरा ध्यान प्रसाद लेने में रहता था, तभी ये धारदार कैंची से चेन काट लेतीं थी। ये महिलाएं सोने की चेन को अपने अंत:वस्त्र में छिपाकर रखती थीं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से 100 ग्राम वजनी 5 सोने की चेन जब्त कीं गईं है जिसका बाजार मूल्य लगभग 8 लाख रुपए है।जिन आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है उनमें काजल कुमारी निवासी बक्सर बिहार उम्र 25 वर्ष व गौरी कुमारी उम्र 20 वर्ष, करिश्मा उम्र 25 वर्ष पटना, उप्र के गाजीपुर जिले की पिंकी देवी उम्र 50 वर्ष, रसूलपुर की अंजली कुमारी उम्र 21 वर्ष व मंजू कुमारी उम्र 45 वर्ष, जंगूपुर की पूजा कुमारी उम्र 20 वर्ष, रूनू कुमारी उम्र 20 वर्ष, बनारस की राधा देवी उम्र 52 वर्ष, मुगुनी उम्र 20 वर्ष, रिंकू देवी उम्र 28 वर्ष, बेबी कुमारी उम्र 20 वर्ष और प्रीति उम्र 24 वर्ष शामिल है।

## बांग्लादेश को दिसंबर तक एडीबी और विश्व बैंक से 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर मिलने की उम्मीद

**ढाका, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश को दिसंबर तक एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से 600 मिलियन और विश्व बैंक से 500 मिलियन डॉलर का कर्ज मिलने की उम्मीद है। वित्त सचिव मोहम्मद खैरुज्जमां मोजुमदार ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मोजुमदार ने मंगलवार को वित्त मंत्रालय में अंतरिम सरकार के 100 दिन पूरे होने के पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात कही। मोजुमदार ने कहा कि अंतरिम प्रशासन की ओर से लागू की गई नीतियों को %अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष% (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसी डोनर एजेंसियों ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। वित्त सचिव ने कहा, हमारी अंतरिम सरकार के नीतिगत उपायों के अच्छे परिणाम सामने आए हैं, जो फंडिंग के मामले में हमारी शुरुआती उम्मीदों से भी अधिक हैं। उदाहरण के लिए, हमने एडीबी के साथ 600 मिलियन डॉलर के कर्ज पर सफल बातचीत की और हमें दिसंबर तक धनराशि मिलने की उम्मीद है। उन्होंने विश्व बैंक के साथ हुई बातचीत पर भी प्रकाश डाला, जिसने इसी समय-सीमा के अंदर 500 मिलियन डॉलर की लोन सपोर्ट प्रदान करने पर सहमति जताई।

# गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई अमेरिका में हुआ गिरफ्तार, भारत से कोई लेना-देना नहीं

■ हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के सिलसिले में पहले कनाडाई अधिकारियों को सौंप सकते हैं बाद में भारतीय अधिकारी उसे हिरासत में ले सकते हैं

■ भारत लाए जाने की उम्मीद पर फिरा पानी, दस्तावेजों में कमी के बाद कैलिफोर्निया में किया गया था डिटेन

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** (देशबन्धु)। अमेरिका के कैलिफोर्निया में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को हिरासत में लिए जाने' का भारत से जुड़े किसी आपराधिक केस से कोई कनेक्शन नहीं है।

हालाँकि शुरुआत में ये जानकारी आई थी कि अनमोल को भारत के किसी केस में पकड़ा गया है। लेकिन खुफिया एजेंसियों के सूत्रों ने साफ कर दिया है कि अनमोल को बीते गुरुवार को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो में कस्टडी में लिया गया था। अमेरिका में उसके हिरासत में लिए जाने के पीछे स्थानीय कारण है।

सूत्रों के मुताबिक, उसके पास मिले दस्तावेजों में कुछ कमी पाई गई। जिसकी वजह से उसे हिरासत में लिया गया। अभी ये साफ नहीं की उस मामले में उसे बेल मिल गई है या वो अभी भी पुलिस कस्टडी में है। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, अनमोल



बिश्नोई को प्रत्यर्पण के जरिए भारत लाए जाने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। आईबी के सूत्रों ने बताया कि अनमोल बिश्नोई से पूछताछ के बाद अमेरिकी अधिकारी उसे हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के सिलसिले में पहले कनाडाई अधिकारियों को सौंप सकते हैं बाद में भारतीय अधिकारी उसे हिरासत में ले सकते हैं। अनमोल बिश्नोई एक खूंखार गैंगस्टर है और कई हाई-प्रोफाइल हत्या मामलों में भारत में वांछित है। अनमोल पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के दर्ज दो मामलों के अलावा 18 अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। अनमोल बिश्नोई हत्या के एक मुकदमे में गिरफ्तारी के बाद अनमोल 7 अक्टूबर 2021 को जमानत पर रिहा हुआ था। साल 2023 में उसके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हुई, लेकिन फर्जी पासपोर्ट के जरिए वो भारत से बाहर भागने में सफल रहा। इसके बाद से ही वो अपने भाई लॉरेंस के बनाए गैंग का मुखिया बन गया। पिछले साल भारत से भाग गया था। अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई की गिरफ्तारी के बाद बिश्नोई गिरोह के संचालित आपराधिक नेटवर्क में एक प्रमुख नाम बन गया। अनमोल भारत में कई आपराधिक मामलों में वांछित है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना और 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या शामिल है। वह इस साल अक्टूबर में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में भी शामिल बताया जा रहा है। अनमोल बिश्नोई को मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की ओर से उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करने के कुछ सप्ताह बाद अमेरिका में हिरासत में लिया गया है। इसलिए भारतीय जाँच एजेंसी इस बात पर उत्साहित हैं की उसे प्रत्यर्पण के जरिए भारत लाया जा सकेगा। लेकिन नई जानकारी के बाद सुरक्षा एजेंसियों में निराशा भर गई है।

## 2.5 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता की दूसरी किश्त के लिए भारत का शुक्रिया : फिलिस्तीन

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। फिलिस्तीन ने भारत के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। दरअसल नई दिल्ली ने यूएन एजेंसी को 2.5 मिलियन डॉलर की वित्तीय मदद की दूसरी किश्त जारी कर दी है। भारत ने यह किश्त नियर ईस्ट में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए यूएन रिलीफ और वर्क एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को दी। नई दिल्ली ने इसके साथ ही वर्ष 2024-2025 के लिए 5 मिलियन डॉलर के अपने प्रतिबद्ध वार्षिक योगदान को पूरा किया।



एक बयान में, फिलिस्तीनी दूतावास ने कहा कि हम यूएनआरडब्ल्यूए को 2.5 मिलियन डॉलर की दूसरी किश्त जारी करने के लिए भारत सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता और प्रशंसा व्यक्त करते हैं, जिससे वर्ष के लिए 5 मिलियन डॉलर का उसका वार्षिक योगदान पूरा हो गया है। दूतावास ने मानवीय सहायता के लिए भारत की प्रतिबद्धता की तारीफ करते हुए कहा कि हम यूएनआरडब्ल्यूए को मानवीय सहायता और दवाएं उपलब्ध कराने की भारत की प्रतिबद्धता को भी स्वीकार करते हैं, जिससे एजेंसी को फिलिस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद मिलेगी। फिलिस्तीन दूतावास के प्रभारी अबेद एलराजेग अबू जाजर ने वित्तीय सहायता के महत्व पर जोर देते हुए इसे 1949 में स्थापित यूएनआरडब्ल्यूए के लिए भारत के अटूट समर्थन का प्रमाण बताया। बयान में उनके हवाले से कहा गया, यह वित्तीय योगदान यूएनआरडब्ल्यूए को कमजोर करने और फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इसकी गतिविधियों को रोकने के इजरायल की कोशिशों का मुकाबला करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत और फिलिस्तीन के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, जाजर ने कहा कि फिलिस्तीनी लोग भारत के समर्थन को बहुत महत्व देते हैं।

## आज का इतिहास

1872-प्रसिद्ध राजस्थानी कवि तथा स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहट का जन्म।
1877-प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने विश्व के सामने पहला फोनोग्राफ पेश किया।
1906-चीन ने अफीम के व्यापार पर रोक लगाई।
1908-प्रसिद्ध क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी सत्येंद्रनाथ बोस का निधन।
1914-भारत की प्रसिद्ध महिला क्रांतिकारियों में से एक उज्ज्वला मजूमदार का जन्म।
1921-प्रिंस ऑफ वेल्स (सम्राट एडवर्ड अष्टम) बाँबे (अब मुंबई) पहुंचे और कांग्रेस ने देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया।
1931-हिन्दी के प्रमुख यशस्वी कथाकार ज्ञानरंजन का जन्म।
1941-गुजरात की पहली मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल का जन्म।

## सुडोकू 6741

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 5 | |
| | | | | | 2 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| | | | 9 | 2 | | 7 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 3 | | | |
| | 9 | 7 | | | | | 4 | 3 |
| | | 8 | 7 | | | | | |
| | 4 | | | | 1 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### यूएन महासचिव ने जताई चिंता

## हैती में बढ़ती हिंसा, राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में सशस्त्र गिरोह हो रहे मजबूत

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हैती में बढ़ रही हिंसा पर चिंता व्यक्त की है। इस बीच दक्षिण अमेरिकी देश की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में सशस्त्र गिरोहों के मजबूत होने की खबरें आ रही हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि गुटेरेस ने मंगलवार को बढ़ती हिंसा से निपटने के लिए बहुराष्ट्रीय सुरक्षा



सहायता (एमएसएस) मिशन के समर्थन के साथ हैतीयन राष्ट्रीय पुलिस के प्रयासों का पुरजोर समर्थन किया। यूएन महासचिव ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी अपील दोहराई कि एमएसएस मिशन की सफलता के लिए वित्तीय और रसद सहायता मिलती रहनी जरूरी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने राजनीतिक परिवर्तन में तत्काल प्रगति के महत्व पर भी जोर दिया। हैती के लिए संयुक्त राष्ट्र की रेजिडेंट और मानवीय समन्वयक उलिका रिचर्डसन ने इस महीने की शुरुआत में चेतावनी दी थी कि हैती में स्थिति बहुत गंभीर है, खासकर राजधानी में। वहां के कई इलाके पूरी तरह से गिरोहों के नियंत्रण में हैं जो क्रूर हिंसा करते हैं, महिलाओं का बलात्कार करते हैं और बच्चों को अपने गिरोह में शामिल करते हैं, और यह बेहद चिंताजनक है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, इस साल जनवरी से सितंबर के बीच हैती में लगभग 4,900 लोग मारे गए हैं, जिसका मुख्य कारण देश भर में लगातार हो रही हिंसा है। देश में 700,000 से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं, जिनमें से आधे से ज्यादा बच्चे हैं। पोर्ट-ऑ-प्रिंस में, बढ़ती हिंसा के कारण हाल के हफ्तों में 12,000 लोग विस्थापित हुए हैं।

# इजरायल का ऐलान, एक बंधक की सूचना देने पर 42 करोड़ का इनाम

**यरूशलम, (आईएएनएस)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में बंधकों की सूचना देने वालों के लिए इनाम की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वह हमास को फिलिस्तीनी क्षेत्र पर शासन नहीं करने देंगे। नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज के साथ मंगलवार को गाजा तट का दौरा किया।

इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हलेवी और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख रोनेन बार के साथ दोनों राजनेताओं ने क्षेत्र का दौरा किया। इस इलाके को इजरायल ने नेत्जारिम कॉरिडोर नाम दिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अब इस रूट पर इजरायली सेना का कंट्रोल है, जो गाजा पट्टी के उत्तरी और दक्षिणी भागों को विभाजित करता है। नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने गलियारे में एक ऑब्जर्वेशन प्वाइंट पर परिचालन गतिविधियों के बारे में सैन्य



कमांडरों से जानकारी हासिल की और गाजा तट पर कमांडरों के साथ चर्चा की।

नेतन्याहू ने एक वीडियो में कहा, हमास गाजा पर शासन नहीं करेगा। हम बहुत प्रभावशाली तरीके से इसकी सैन्य क्षमताओं को खत्म कर रहे हैं। अब हम इसकी शासन क्षमताओं को टारगेट कर रहे हैं, और यह तो बस शुरुआत है। हमास गाजा में नहीं रहेगा। यह वीडियो गाजा तट पर ही शूट किया गया था। नेतन्याहू ने बंधकों के बारे में जानकारी देने वाले गाजा निवासियों को इनाम देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति जो हमें बंधकों तक पहुंचाएगा, वह अपने और अपने परिवार के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करेगा। हम प्रत्येक बंधक के लिए 5 मिलियन डॉलर का इनाम भी देंगे।

इससे पहले 9 नवंबर को, कतर, जो इजरायल और हमास के बीच बंधक-युद्धविराम समझौते पर मध्यस्थ था, ने घोषणा की कि वह दोनों पक्षों की ओर से सद्भाव की कमी के कारण अपने प्रयासों को निलंबित कर रहा है। पिछले अक्टूबर में हमास के नेतृत्व में हुए हमले के बाद शुरू हुए इजरायली सैन्य हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 अन्य लोगों का अपहरण कर लिया गया था। इस हमले ने गाजा में व्यापक तबाही मचाई है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, एक साल से अधिक समय से चल रहे संघर्ष में 43,900 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## वर्ग पहेली 6741

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों को रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकार,अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया या विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५.यात्रियों, पथिकों के लिए निःशुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जनमकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताये गये हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

## वर्ग पहेली-6740

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ध | म | २ त | री | ■ | ■ | ३ ग | जा | ४ न | न |
| र्म | ■ | दु | ■ | ५ प | र्व | ण | ■ | जा | ■ |
| ६ शा | स | प | त्रि | त | ■ | ७ रा | त | रा | ८ नी |
| ला | ■ | रां | ■ | ९ वा | रि | जा | ■ | ■ | म |
| ■ | १० इ | त | ११ वा | र | ■ | ■ | १२ शे | र | पा |
| ■ | च्छु | ■ | र | ■ | १३ प्र | मु | ख | ■ | ग |
| १४ प्र | क | १५ र | ण | ■ | बं | ■ | १६ र | १७ म | ल |
| शं | ■ | वा | ■ | १८ रो | ध | १९ क | ■ | द | ■ |
| २० सि | वा | य | ■ | क | ■ | २१ लं | बो | द | २२ र |
| त | ■ | २३ त | म | ना | श | क | ■ | ■ | क्षा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# जॉर्जियाई राष्ट्रपति ने मताधिकार के उल्लंघन पर संवैधानिक न्यायालय में मामला दायर किया

**त्बिलिसी, (एजेंसियां)।** जॉर्जिया के राष्ट्रपति सैलोम जौराबिचविली ने मंगलवार को संवैधानिक न्यायालय में एक मुकदमा दायर किया, जिसमें 26 अक्टूबर को हुए संसदीय चुनावों के दौरान वोट की गोपनीयता और सार्वभौमिक मतदान के अधिकार के उल्लंघन का दावा किया गया है। राष्ट्रपति के अधिवक्ता एका बेसेलिया ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। जॉर्जिया के केंद्रीय चुनाव आयोग ने 16 नवंबर को अक्टूबर में हुए संसदीय चुनावों की अंतिम रिपोर्ट को मंजूरी दी, जिसमें सत्तारूढ़ जॉर्जियन ड्रीम पार्टी को 53.93 प्रतिशत वोट और संसद में 150 में से 89 सीटें



मिलीं। चार विपक्षी दलों को सामूहिक रूप से 37.78 फीसदी वोट मिले, लेकिन उन्होंने चुनाव परिणाम को मान्यता देने से इनकार कर दिया और धोखाधड़ी का दावा करते हुए अंतरराष्ट्रीय जांच और नये सिरे से मतदान की मांग की। लंबे समय से सरकार का विरोध कर रहे श्री जौराबिचविली ने न केवल चुनाव परिणामों को खारिज कर दिया, बल्कि लोगों से सड़कों पर उतरकर विरोध करने का आह्वान भी किया। अंतिम रिपोर्ट को मंजूरी मिलने के 10वें दिन से पहले राष्ट्रपति की ओर से संसद सत्र बुलाया जाना चाहिए। यदि राष्ट्रपति ऐसा करने से इनकार करते हैं, तो संसद स्वतंत्र रूप से इकट्ठा होगी। जॉर्जियाई अभियोजक कार्यालय ने कथित चुनाव धोखाधड़ी के विपक्ष के दावों की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अधिकांश विपक्षी सदस्य कार्यालय के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं।

## हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक नेताओं को जेल

**विक्टोरिया, (एजेंसियां)।** हांगकांग की एक अदालत ने लोकतंत्र समर्थक नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में देशद्रोह के आरोप में कई साल की जेल की सजा सुनाई है। इस फैसले की विदेशी सरकारों और मानवाधिकार समूहों ने कड़ी आलोचना की है। ऑस्ट्रेलिया, ताइवान, और संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस फैसले की निंदा की है, जबकि ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा है कि यह फैसला हांगकांग में नागरिक स्वतंत्रता और न्यायिक स्वतंत्रता के पतन को दर्शाता है। अदालत ने प्रमुख कानूनी विद्वान बेनी ताई को 'मास्टरमाइंड' और 'मुख्य अपराधी' करार देते हुए, 10 साल की सजा और शहर के एक समय के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के पोस्टर चाइल्ड जोशुआ वोंग को चार साल से अधिक जेल में रहने की सजा सुनाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये दोनों स्थानीय चुनावों के लिए विपक्षी उम्मीदवारों को चुनने की योजना में शामिल कार्यकर्ताओं और सांसदों के 47 समूह में शामिल थे। इनमें से दो लोगों को बरी कर दिया गया जबकि कुल 45 लोगों को तोड़फोड़ की कोशिश करने की साजिश रचने का दोषी पाया गया। 'हांगकांग 47' के मुकदमे ने कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसएल) के सबसे बड़े इस्तेमाल को चिह्नित किया, जिसे चीन ने 2019 में शहर के विस्फोटक लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों के तुरंत बाद हांगकांग पर लगाया था।

**संघर्ष** *पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों में पोलियो टीकाकरण अभियान का विरोध भी हो रहा*

# पोलियो के खिलाफ पाकिस्तान की लंबी लड़ाई का अंत नहीं

**इस्लामाबाद, (एजेंसियां)। पोलियो को जड़ से मिटाने के लिए पाकिस्तान का संघर्ष जारी है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों से नए मामले सामने आने के बाद देश में सक्रिय पोलियो मामलों की कुल संख्या 50 तक पहुंच गई। अब तक बलूचिस्तान से कम से कम 24 मामले, सिंध से 13, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) से 11, पंजाब और इस्लामाबाद से एक-एक मामले सामने आए हैं। एक बच्ची में वाइल्ड पोलियोवायरस (डब्ल्यूपीवी1) पाया गया, जो केपी के टैंक जिले से पोलियो वायरस का दूसरा मामला है।**

■ पाकिस्तान और पड़ोसी अफगानिस्तान, दुनिया के दो ऐसे देश हैं जहां पोलियो अभी भी स्थानिक है

पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों में पोलियो टीकाकरण अभियान का विरोध भी हो रहा है और यहां तक कि स्वास्थ्य कर्मियों पर भी हमला हुआ है जिसमें लोगों की जान भी गई। टारगेटेड अटैक के खत्म होने का कोई संकेत नहीं दिखने के कारण, पोलियो टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से चलाना लगभग असंभव हो गया है, जिससे बच्चों के संक्रमित होने की संभावना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न भागों में पोलियो के मामलों में उत्साहजनक गिरावट देखी गई है। हालांकि उसने चेतावनी दी है कि नवीनतम मामलों का पता चलना एक खतरनाक और चिंताजनक संकेत है। यह दर्शाता है कि कई जिलों में बच्चे अभी भी जोखिम में हैं।




पाकिस्तान और पड़ोसी अफगानिस्तान, दुनिया के दो ऐसे देश हैं जहां पोलियो अभी भी स्थानिक है। अतीत में, पाकिस्तान ने सालाना 300 मिलियन से अधिक ओरल वैक्सीन लगाए हैं। लेकिन यह बीमारी देश में अभी भी व्याप्त है। कई विश्लेषकों ने पोलियो वायरस के प्रसार को संभालने में पाकिस्तान सरकार की निरंतर नाकामी पर सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान के प्रति विरोध तब बढ़ा जब अमेरिकी जासूसी एजेंसी सीआईए ने देश में अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन का पता लगाने के लिए एक फर्जी हेपेटाइटिस टीकाकरण अभियान चलाया। दुनिया के सबसे वॉन्टेड आतंकवादियों में से एक, बिन लादेन को 2011 में केपी के एबटाबाद में यूएस नेवी सील के ऑपरेशन में मार दिया गया।

# खेल जगत

## खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना अहम: मंडाविया

**गया।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज कहा कि खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना अहम है।राजगीर के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में वीमेंस एशिया हॉकी फाइनल से पहले केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गया पहुंचे, जहां उन्होंने शहर के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में माथा टेका। उन्होंने तुलसी अर्चना कर भारत के विजयी होने की प्रार्थना की इसके बाद दोनों ने फल्गु नदी पर बने रबर डैम का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना है कि जब भारत 2047 में अपनी आजादी के शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहा होगा, तब देश खेल जगत में दुनिया के शीर्ष-5 देशों में शामिल हो, इसके लिए खेलो इंडिया प्रोजेक्ट के तहत जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें विश्वस्तरीय कोचिंग दी जा रही है।



# विराट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिखाना होगा अपना असली अवतार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विराट कोहली भले ही अपने अभी फिलहाल अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म न दिख रहे हों लेकिन बावजूद इसके उनके ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई अखबारों के खेल पन्नों में वही छाए हुए हैं। विराट ने अपने नाम के

■ **विराट अपनी फिटनेस के बूते कम से कम तीन बरस और टेस्ट और वन डे क्रिकेट खेल सकते हैं**



मुताबिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 'विराट' रिकॉर्ड बनाए हैं। विराट ने खुद के लिए इतने 'विराट' पैमाने बनाए हैं उससे जरा भी कुछ कमतर होता है तो फिर उनकी आलोचना होने लगती है। विराट टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन अभी टेस्ट और वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। 36 बरस के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली का ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज खेलने जाने से पहले रंग में न होना भारत के लिए चिंता का सबब है। पिछली कुछ टेस्ट सीरीज से शीर्ष क्रम में विराट कोहली जैसे नाकाम रहे भारतीय दिग्गज ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ टेस्ट सीरीज कसौटी पर होंगे। सच तो विराट खुद की छाया नजर नजर आ रहे हैं। ऐसे में विराट के आलोचकों ने कहना शुरू कर दिया है कि उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की सांझ की दस्तक देने लगी है। इस पर दिल से नहीं दिमाग से सोचेंगे पाएंगे कि यह सत्य नहीं है।

वह अपनी फिटनेस के बूते कम से कम तीन बरस और टेस्ट और वन डे क्रिकेट खेल सकते हैं। विराट कोहली अब क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट में 29, वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 और टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच में एक) में कुल 538 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल कर सचिन तेंदुलकर (कुल 664 अंतरराष्ट्रीय मैच 100 शतक, 51 टेस्ट, 49 वन डे इंटरनेशनल) के बाद कुल 80 शतक जड़ सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने में दूसरे नंबर पर है। भारत को ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हरा पांच टेस्ट की सीरीज जीत डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखनी है तो विराट कोहली को अपना असल अवतार दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ही आज उसके अखबारों में बतौर क्रिकेट समीक्षक अपने खेल स्तंभों के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के साथ भारतीय बल्लेबाजों की खामियों ही बता उन पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। विराट के ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर ही उसके अखबारों ने विराट के क्रिकेट कौशल की बजाय इस बात की चर्चा ज्यादा की है कि उन्होंने बीते पांच बरस में मात्र दो शतक जड़े हैं और उनकी औसत टेस्ट में औसत 55 से कम हो करीब 48 ही रह गई है। यह भारत की खुशकिस्मती है कि विराट जब मात्र 23 बरस की उम्र में सबसे पहले 2012 में ऑस्ट्रेलिया में पहली टेस्ट सीरीज खेलने गए तो वह मुश्किल हालात में अपनी अलग छाप छोड़ने में कामयाब रहे थे। विराट कोहली ने 2024 में छह टेस्ट में दो अर्द्धशतक सहित कुल 250 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने अपने आदर्श दुनिया के सर्वकालिक बल्लेबाजों में एक भारत के सचिन तेंदुलकर की तरह ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ छह टेस्ट शतक जड़े हैं जबकि उन्होंने यह कारनामा 13 टेस्ट खेल कर किया वहीं सचिन ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 20 टेस्ट खेलने पड़े।

## कोहली अपने खेलने के तरीके को लेकर जुनूनी हैं: पोंटिंग



**पर्थ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले, रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कोहली एक महान क्रिकेटर हैं और खेल के प्रति बेहद भावुक हैं। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया में भी उन्हें बहुत सम्मान मिलता है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा कि कोहली एक स्टार हैं, एक सुपरस्टार हैं। वह काफी समय से खेल के सुपरस्टार रहे हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति बहुत भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भी बहुत भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और दिल से खेलते हैं। ऐसे ही सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में उत्साह पैदा करते हैं। स्टीव स्मिथ जब इंग्लैंड जाते हैं तो उन्हें स्टेडियम में आते ही लोग सीटी बजाते हैं। ये सब अंतर्राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा है। हालांकि, इस साल कोहली का टेस्ट मैचों में औसत सिर्फ 22.72 रहा है, जो उनके ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट औसत 54.08 और करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में कई शानदार शतक लगाने के बाद, उम्मीद है कि वह आगामी 5 मैचों की सीरीज में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। पोंटिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार संभालेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने देखा था कि रवि शास्त्री ने पिछली बार एक ऐसे इंसान के बारे में बात की थी जो ऑस्ट्रेलिया में सभी गेंदों का सामना करना चाहता था। यही आप अपने लीडर और स्टार खिलाड़ियों से उम्मीद करते हैं।

# आईपीएल नीलामी में पंत की कीमत 25-28 करोड़ के आसपास होगी: उथप्पा

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने दावा किया है कि आगामी आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की बोली 25-28 करोड़ के बीच होगी।

दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन न किए जाने के बाद, पंत सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में शामिल हाई-प्रोफाइल भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी में उनके होने से, पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों द्वारा उन पर भारी बोली लगाए जाने की उम्मीद है। उथप्पा ने जियोसिनेमा पर कहा कि मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को 25-28 करोड़ के आसपास में खरीदा जाएगा। उन्हें निश्चित रूप से बड़ी रकम मिलेगी और वे इस नीलामी में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ी बनेंगे। पंत को इतनी कीमत पर खरीदना देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि मुझे लगता है कि पंजाब किंग्स उन्हें खरीदना चाहेगी और आरसीबी भी उन्हें नेतृत्व की भूमिका और विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खरीदना चाहेगी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। अगर पंत और पंजाब किंग्स के बीच अच्छा तालमेल है, तो वे उन्हें खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, नहीं तो आरसीबी ऋषभ पंत के लिए सबसे संभावित जगह बन जाएगी। लेकिन मेरा मानना है कि अन्य टीमें भी पंत के लिए बोली लगाएंगी। इस मेगा नीलामी में भारतीय खिलाड़ी सबसे ज्यादा बिकने वाले हैं। उथप्पा को यह भी लगता है कि डीसी श्रेयस अय्यर को वापस खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेगी, जो 2015 से 2021 तक फ्रेंचाइजी के साथ थे। डीसी श्रेयस अय्यर के लिए कड़ी मेहनत करेगी,



**भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं**

और उन्हें 15-20 करोड़ के ब्रैकेट में जाना चाहिए, और डु प्लेसिस को 10 करोड़ से ऊपर। नेहल वढेरा और आशुतोष शर्मा जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी किसी भी टीम की सफलता का एक बड़ा हिस्सा और कारण हैं, और आप चाहते हैं कि वे वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि वे प्रत्येक 8 करोड़ से ऊपर जाएंगे। चोपड़ा ने उल्लेख किया कि युवा ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क को आईपीएल 2024 में डीसी के साथ शानदार ओपनिंग के बाद पंजाब किंग्स द्वारा लिया जा सकता है। रिकी पोंटिंग के पंजाब किंग्स के साथ होने के कारण, मुझे लगता है कि वे जेक फ्रेजर-मैकगर्क को लक्षित करेंगे, और वे उन्हें लेने के लिए उत्सुक होंगे।

# गिल की भागीदारी पर फैसला मैच की सुबह लिया जाएगा : मोर्कल

**पर्थ,** 21 नवम्बर (एजेंसियां) भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि चोटिल शुभमन गिल की पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भागीदारी पर फैसला 22 नवंबर को पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाले मैच की सुबह लिया जाएगा। 16 नवंबर को पर्थ के वाका में भारत के मैच सिमुलेशन अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन में कैच लेते समय गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। भारत ने बैक-अप विकल्प के रूप में बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को भी शामिल किया है। मोर्कल ने प्री-सीरीज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शुभमन दिन-प्रतिदिन बेहतर हो रहे हैं। हम टेस्ट मैच की सुबह तक उनके साथ फैसला करेंगे। उन्होंने बिल्ड-अप



(चोट से पहले) के दौरान मैच सिमुलेशन में अच्छा प्रदर्शन किया, इसलिए उम्मीद है कि वह सफल होंगे, मुंबई में अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद रोहित शर्मा पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए उनकी अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी करेंगे, जिससे टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाजी कप्तानों के बीच बहुत ही दुर्लभ टकराव की स्थिति पैदा हो गई है।

# हार्दिक फिर से बने नंबर 1 टी-20 ऑलराउंडर, तिलक तीसरे नंबर पर पहुंचे

**दुबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने आईसीसी पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इस बीच, उभरते हुए सितारे तिलक वर्मा ने बुधवार को आईसीसी द्वारा नवीनतम रैंकिंग अपडेट जारी किए जाने के बाद शीर्ष 10 बल्लेबाजों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया है। दक्षिण अफ्रीका में भारत की 3-1 से सीरीज जीत के दौरान पांड्या के लगातार प्रदर्शन ने उन्हें प्रशंसा दिलाई है। दूसरे टी20 में उनके नाबाद 39 रन ने भारत की पारी को स्थिर किया, जबकि निर्णायक चौथे मैच के दौरान तीन ओवरों में 1/8 का उनका किफायती स्पैल सीरीज को सील करने में महत्वपूर्ण रहा। यह पांड्या का नंबर 1 टी20



ऑलराउंडर के रूप में दूसरा कार्यकाल है, इससे पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद रैंकिंग हासिल की थी। भारत के प्लेयर ऑफ द सीरीज तिलक भी एक और बेहतरीन खिलाड़ी रहे। युवा बल्लेबाज ने दो शतक बनाए और पूरी सीरीज में 280 रन बनाए, जिससे वह टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 69 पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। वह अब भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले टी20 बल्लेबाज हैं, जिन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया, जो चौथे स्थान पर खिसक गए। भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले एक और खिलाड़ी संजू सैमसन ने उसी सीरीज में दो शतक लगाने के बाद टी20आई बल्लेबाजों की सूची में 17

■ **भारत के प्लेयर ऑफ द सीरीज तिलक भी एक और बेहतरीन खिलाड़ी रहे**

पायदान चढ़कर 22वां स्थान हासिल किया। रैंकिंग अपडेट में दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (23वें) और हेनरिक क्लासेन (59वें) को भी फायदा हुआ। टी20 बल्लेबाजों की सूची में श्रीलंका के दाएं हाथ के कुसल मेंडिस और वेस्टइंडीज के हार्ड-हिटर शाई होप को भी फायदा हुआ है।

## सार संक्षेप

### दिल्ली प्रीमियर लीग : सुदेवा की संघर्षपूर्ण जीत

**नई दिल्ली।** प्लेयर ऑफ़ द मैच सिबिन एस के दमदार खेल से सीआईएसएफ प्रोन्टैक्टर ने दिल्ली एफ सी को गोल शून्य बराबरी पर रोक कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए द्य दिन के दूसरे मुकाबले में सुदेवा दिल्ली एफ सी ने वाटिका फुटबाल क्लब को कांटे की टक्कर में 2-1 से हराया द्य विजेता टीम के लिए सिनाम माइकल सिंह और ऋतुराज सिंह ने पहले हाफ में गोल जमाए लेकिन पाला बदलने के बाद वाटिका भारी पड़ी और विपुल के पेनल्टी गोल से सम्मानजनक हार पाई। ऋतुराज को प्लेयर ऑफ़ द मैच आंका गया। अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए बराबरी के मुकाबले में सीआईएसएफ का भाग्य ने साथ दिया द्य हालांकि सीआईएफसी की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाया लेकिन डीएफसी का खलनायक उसका नियमित स्ट्राइकर जी गयरी रहा जिसने गोल ज़माने के चार आसान मौके बर्बाद किए।

### भारत ने जीता बिहार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर का खिताब

**राजगीर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को फाइनल मुकाबले में चीन को हराकर कर बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 का खिताब अपने नाम किया। आज यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन पर 1-0 की जीत दर्ज की। खेल के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। दूसरे हाफ में भारत ने आक्रामक खेल मुजाहिरा किया और दीपिका ने (31वें) मिनट में गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। यह बढ़त भारत को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब बचाने में मदद की। हॉकी रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद भारतीय टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब तीसरी बार अपने नाम किया है।

# चाइना मास्टर्स : सिंधु, लक्ष्य सेन, मालविका बंसोड़ दूसरे दौर में पहुंचे

**शेन्ज़ेन ( चीन ),** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के बैडमिंटन सितारे पी.वी. सिंधु, लक्ष्य सेन और मालविका बंसोड़ बुधवार को यहां बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750



टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गए। पुरुष एकल में, लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले की याद में मलेशिया के ली ज़ी जिया के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस बार, भारतीय खिलाड़ी ने 57 मिनट में 21-14, 13-21, 21-13 से जीत दर्ज की। इस जीत ने लक्ष्य की पेरिस खेलों के बाद से लगातार चार टूर्नामेंटों में जीतरहित रहने का

■ **हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं**

सिलसिला खत्म कर दिया और अब उन्हें डेनमार्क के रासमस गेम्के या जापान के केंटा निशिमोतो के खिलाफ राउंड-ऑफ-16 में कड़े मुकाबले का सामना करना होगा। मालविका बंसोड़ ने भी प्रभावित किया, डेनमार्क की लाइन केजर्सफेल्ड के खिलाफ एक घंटे 14 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। भारतीय शटलर ने शानदार धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाते हुए एक करीबी मुकाबले में 20-22, 23-21, 21-16 से जीत हासिल की। अगले दौर में उनका सामना थाईलैंड की सुपनिडा कटेथोंग से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 50 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हराकर अपना दबदबा दिखाया।

## मार्टिनेज के गोल से अर्जेंटीना ने पेरू को हराया

**ब्यूनस आयर्स ( अर्जेंटीना ),** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। लॉटारो मार्टिनेज के दूसरे हाफ में किए गए शानदार गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने विश्वकप क्वालीफायर में पेरू 1-0 से हराया। खेले गये मुकाबले में इंटर मिलान के इस फॉरवर्ड ने 55वें मिनट में लियोनेल मेस्सी के क्रॉस पर बाइसिकल किक लगाकर गोल किया। इसी के साथ क्वालीफाइंग मुकाबले में अर्जेंटीना की अपनी आठवीं जीत दर्ज की। अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि पेरू अब तक सात अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है। मैच के बाद मार्टिनेज ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हमने साल का अंत सकारात्मक तरीके से और लीडर के रूप में किया है। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत रूप से एक शानदार वर्ष रहा है, लेकिन मैं हर दिन सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहता हूं। वहीं ब्राजील और उरूग्वे के बीच खेला गया मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

# ब्लाइंड टी-20 विश्व कप से हटा भारत

**बेंगलुरु,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में 22 नवंबर से 3 दिसंबर, 2024 तक होने वाले चौथे टी20 ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप से भारत के हटने के बाद, कप्तान दुर्गा राव टोमपाकी ने टीम की भावना को व्यक्त किया, जिसमें उनके जुनून, गर्व और भविष्य के



अवसरों के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया।

यह निर्णय, बीसीसीआई द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किए जाने के एक सप्ताह बाद आया है कि भारत सरकार से मंजूरी न मिलने के बाद अगले साल की शुरुआत में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। हालांकि यह टीम के लिए एक बड़ा झटका है, सीएबीआई सरकार की चिंताओं और उसी के लिए निर्णय का पूरा सम्मान करता है। टीम कठोर प्रशिक्षण ले रही थी और प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक थी। हालांकि, हम सरकार के मार्गदर्शन को प्राथमिकता देते हैं और भारत में ब्लाइंड क्रिकेट

■ **हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं**

एसोसिएशन के निरंतर विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ हैं। हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं। हम हमेशा सबसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तत्पर रहते हैं, और इस अवसर को चूकना निराशाजनक है। हालांकि, हम जानते हैं कि अगला विश्व कप बस आने ही वाला है, और हम अपने प्रशिक्षण और तैयारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान दुर्गा राव टोमपाकी ने कहा कि हमने एक सफल कोचिंग कैंप आयोजित किया है।

# जॉनसन ने वार्नर के साथ मतभेद को दूर करने की इच्छा जताई

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए कमेंटेटर के रूप में अपनी भूमिका से पहले पूर्व टीम साथी डेविड वार्नर के

■ **जॉनसन ने किसी भी तरह की दुश्मनी को कमतर बताया, और पेशेवरता पर जोर दिया**

साथ तनाव को दूर करने की इच्छा व्यक्त की है।

जॉनसन ने पिछले साल वार्नर के 'विदाई समर' की आलोचना की थी, जिसमें उन्होंने सवाल उठाया था कि एक 'संघर्षरत टेस्ट ओपनर' को अपनी सेवानिवृत्ति की समयसीमा तय करने की अनुमति क्यों दी गई। उनकी



टिप्पणियों ने अनसुलझे मतभेदों के बारे में अटकलों को हवा दी, खासकर पाकिस्तान के खिलाफ एससीजी में अपने अंतिम टेस्ट से पहले वार्नर के अस्थिर प्रदर्शन के बाद।

हालांकि, बुधवार को पर्थ में बोलते हुए, जॉनसन ने किसी भी तरह की दुश्मनी को कमतर बताया, और पेशेवरता पर जोर दिया। जॉनसन को द नाइटली ने यह कहते हुए उद्धृत किया, हम वयस्क हैं। आप आगे बढ़ते हैं। हम अपना जीवन जीते हैं, और हम सभी किसी न किसी मोड़ पर एक-दूसरे से मिलते हैं। मेरे दृष्टिकोण से, मैं एक वयस्क हूँ, वह एक वयस्क है। आप कहते हैं, 'गुडडे', और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। मैं उस पूरी स्थिति से बहुत ज़्यादा नहीं लेता। जॉनसन ने कमेंटेटर के रूप में वार्नर की क्षमता की प्रशंसा की, उन्होंने भविष्यवाणी की कि उनकी अनफ़िल्टर्ड शैली खेल में नई अंतर्दृष्टि ला सकती है। यह अब हमारे बारे में नहीं है, हम कमेंट्री बॉक्स में हैं - हम अंतर्दृष्टि देने के लिए वहां हैं। वह हमेशा उन पात्रों में से एक होने जा रहा है जो कठिन काम करते हैं और जो महसूस करते हैं उसे कहते हैं। एक कमेंटेटर के रूप में, आप चाहते हैं कि लोग राय दें। वह अब एक पूर्व खिलाड़ी है, और मुझे लगता है कि उसे यह जानकारी देने में सक्षम होना चाहिए। पिछले साल वेस्ट ऑस्ट्रेलियन में अपने विवादास्पद कॉलम में, जॉनसन ने न केवल वार्नर की सेवानिवृत्ति की घोषणा की आलोचना की, बल्कि कुख्यात सैंडपेपरगेट कांड में बल्लेबाज की भूमिका पर भी फिर से विचार किया। उन्होंने लिखा था, हालांकि वार्नर सैंडपेपरगेट में अकेले नहीं थे।

## एएफसी एशियाई क्वालीफायर : यूएई की कतर के खिलाफ 5-0 की ऐतिहासिक जीत

**अबू धाबी,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हेड कोच पाउलो बेंटो ने एएफसी एशिया कप क्वालीफायर रोड टू 26 ग्रुप ए मैच में कतर पर अपनी टीम की 5-0 की शानदार जीत का श्रेय पूरी तैयारी को दिया। फैबियो लीमा ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित चार गोल करके यूएई को ग्रुप में तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद की, जिससे वे ईरान और उज्बेकिस्तान के करीब पहुंच गए। एएफसी वेबसाइट ने बेंटो के हवाले से कहा कि हमने कतर का सामना करने के लिए अच्छी तैयारी की, क्योंकि हम जानते थे कि उनके पास बेहतरीन खिलाड़ियों और उच्च स्तरीय कोच वाली एक मजबूत टीम है। हमने हर संभावित परिदृश्य पर विचार किया, क्योंकि उनकी रणनीति का अनुमान लगाना चुनौतीपूर्ण था। हम अपने मौकों का फायदा उठाने और गोल करने में सफल रहे - कुछ ऐसा जो हमें उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद संघर्ष



करना पड़ा। दुर्भाग्य से, हमने कई आसान मौके गंवा दिए। लीमा के शुरुआती गोलों ने यूएई को नियंत्रण में ला दिया, जिसमें बेंटो की टीम ने कतर की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाया। यह जीत उज्बेकिस्तान से मिली निराशाजनक हार के बाद मिली, जहां यूएई ने मौके बनाए थे।

## सुडोकू 6741 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |

# [ अर्थ जगत

## शेयर बाजार पर क्यों नहीं हुई ट्रेडिंग?

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के कारण बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई ने घोषणा की थी कि इस दिन इक्विटी, फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस और सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग सेगमेंट में कोई कारोबार नहीं होगा। चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर 2024 को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। कमोडिटी बाजार भी बुधवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहा। हालांकि, शाम के सत्र में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर कारोबार जारी रहा। यह शाम 5 बजे से रात 11:55 बजे तक खुला रहा। कुछ कृषि उत्पादों के लिए ट्रेडिंग रात 9 बजे तक हुई।



# असली हीरे के नाम पर चूना नहीं लगा पाएंगे ज्वेलर्स

## सरकार नेचुरल और लैब में तैयार डायमंड की लेबलिंग शुरू कर सकती है

*नई दिल्ली। नेचुरल और लैब में तैयार हीरों के बारे में ग्राहकों को जो उलझन होती है, सरकार उसे दूर करने का उपाय करने जा रही है। सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी इस बारे में दिशानिर्देश जारी करेगी।*



इसमें हीरों की सही लेबलिंग करने के अलावा सभी तरह के हीरों के ओरिजिन और प्रोडक्शन के तरीकों की जानकारी देने के नियम बनाए जा सकते हैं। साथ ही, लैब में तैयार हीरों के लिए नेचुरल या जेनुइन डायमंड जैसे शब्दों के इस्तेमाल की मनाही होगी।

इस संबंध में सीसीपीए ने अपनी चीफ कमिश्नर निधि खरे की अध्यक्षता में डायमंड इंडस्ट्री और विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में शामिल रहे एक अधिकारी ने कहा कि नेचुरल डायमंड और लैब में तैयार किए जाने वाले हीरों के बीच क्या फर्क है, इसकी सही जानकारी नहीं होने से ग्राहकों के हितों का उल्लंघन होता है। उन्होंने कहा कि डायमंड इंडस्ट्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सीसीपीए जल्द गाइडलाइंस जारी करेगी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के आईपीओ पर रिटेल निवेशकों ने लुटाया दिल, पहले ही दिन ओवर सब्सक्राइब, लेकिन यहां पिछड़ गया।

**इंडस्ट्री और कंज्यूमर के हित में है-** इस बारे में जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन अशोक सेठ ने कहा, कई बार ग्राहक नेचुरल डायमंड समझकर लैब में तैयार किए गए डायमंड खरीद लेते हैं। उन्हें लगता है कि आने वाले समय में उन्हें अच्छा रिटर्न मिलेगा। लेकिन बाद में उन्हें पता चलता है कि इनका भाव नेचुरल डायमंड जितना नहीं होता। दोनों की लेबलिंग स्पष्ट कर दिया जाना इंडस्ट्री और कंज्यूमर के हित में है।

**ठोस फ्रेमवर्क बनाने की तैयारी-** ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स के मुताबिक, डायमंड शब्द का उपयोग केवल नेचुरल डायमंड के लिए होना चाहिए। सिंथेटिक डायमंड्स की नेचुरल डायमंड की तरह ग्रेडिंग करने की भी मनाही है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम के नियमों के मुताबिक, यह बताना होता है कि डायमंड अगर लैब में तैयार किया गया है, तो उसके प्रोडक्शन का क्या तरीका है। सीसीपीए की मीटिंग में इन सभी पहलुओं पर विचार किया गया ताकि एक ठोस फ्रेमवर्क बनाया जा सके।

## 3,000 डॉलर तक पहुंचेगा सोना-गोल्डमैन सैक्स

**नई दिल्ली।** भारत में अब ज्वैलरी खरीदने वालों के लिए एक बुरी खबर आई है, क्योंकि गोल्डमैन सैक्स ने सोने की कीमतों में बड़ी तेजी आने की संभावना जताई है।

अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अगले साल केंद्रीय बैंकों की सोने में बढ़ी हुई खरीदारी और अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर 2025 तक एक औंस सोने की कीमत 3,000 डॉलर तक पहुंच सकती है। गोल्डमैन सैक्स का कहना है कि ट्रम्प प्रशासन और बढ़ती व्यापारिक टेंशन के कारण भी सोने की कीमतों में इजाफा हो सकता है। इसके अलावा, अमेरिकी वित्तीय स्थिति को लेकर बढ़ती चिंताएं भी सोने की कीमतों को समर्थन दे सकती हैं। फिलहाल स्पॉट गोल्ड की कीमत करीब 2,589 डॉलर प्रति औंस है, जो पिछले महीने के मुकाबले कम है। नोएडा में 19 नवंबर को 22 कैरेट सोने की कीमत 7,095 रुपए प्रति ग्राम थी, जो 20 नवंबर को बढ़कर 7,165 रुपए हो गई है। 24 कैरेट सोने की कीमत 7,450 रुपए से बढ़कर 7,523 रुपए प्रति ग्राम हो गई है।

# गोल्ड लोन पर आरबीआई की सख्ती: अब हर महीने करना होगा ईएमआई भुगतान

## जल्द लागू होंगे नए नियम



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने गोल्ड लोन देने में पाई गई कमियों पर नाराजगी जताते हुए बैंकों और गोल्ड लोन कंपनियों को सख्त चेतावनी दी है। इसके बाद गोल्ड लोन इंडस्ट्री मासिक भुगतान योजना शुरू करने पर विचार कर रही है, जिसमें लोन लेने वालों को ब्याज और मूलधन का भुगतान मासिक किस्तों में करना होगा।

**आरबीआई के नए निर्देश-** आरबीआई ने अपने सर्कुलर (30 सितंबर) में गोल्ड लोन की प्रक्रिया में अनियमितताओं की ओर संकेत दिया था, जिसमें सोर्सिंग, वैल्यूएशन, एलटीव्ही रेशियो की निगरानी और नीलामी में पारदर्शिता की कमी पाई गई। आरबीआई चाहता है कि कंपनियां लोन लेने वाले की भुगतान क्षमता को प्राथमिकता दें और सिर्फ गिरवी रखे आभूषणों पर निर्भर न रहें।

**बुलेट रीपेमेंट पर सख्ती, टर्म लोन का विकल्प-** अब तक गोल्ड लोन कंपनियां बुलेट रीपेमेंट विकल्प देती थीं, जिसमें लोन लेने वाले को अवधि के अंत में एकमुश्त भुगतान करना होता था। अब कंपनियां टर्म लोन विकल्प भी लाने पर विचार कर रही हैं, जिसमें लोन अप्रूवल के तुरंत बाद ईएमआई के रूप में भुगतान शुरू करना होगा।

# भारती एयरटेल ने नोकिया को दिया अरबों डॉलर का ठेका

*नई दिल्ली। भारत की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने फिनलैंड की टेलीकॉम इक्विपमेंट कंपनी नोकिया को अरबों डॉलर का ठेका दिया है।*

भारती एयरटेल द्वारा नोकिया को दिया गया ये कॉन्ट्रैक्ट कई सालों तक चलेगा। दोनों कंपनियों के बीच हुई इस डील के तहत नोकिया भारत के प्रमुख शहरों और राज्यों में 4जी और 5जी डिवाइस लगाएगी। बुधवार को जारी बयान में ये जानकारी दी गई। कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार, नोकिया अपने 5जी एयरस्केल पोर्टफोलियो से इक्विपमेंट लगाएगी। इनमें बेस स्टेशन, बेसबैंड यूनिट्स और विशाल एमआईएमओ रेडियो की लेटेस्ट जनरेशन शामिल है, जो सभी इसकी ऊर्जा-कुशल 'रीफशार्क सिस्टम-ऑन-चिप तकनीक' द्वारा संचालित हैं।

बयान में कहा गया है, नोकिया को भारती एयरटेल द्वारा प्रमुख भारतीय शहरों और राज्यों में 4जी और 5जी नेटवर्क एक्सपेंशन प्लान के तहत डिवाइस लगाने के लिए कई सालों के लिए कई अरब डॉलर का एक्सपेंशन कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। ये समाधान एयरटेल के नेटवर्क को असाधारण 5जी क्षमता और कवरेज के साथ बढ़ाएंगे और इसके नेटवर्क डेवलपमेंट को सपोर्ट करेंगे।


## साल 2023 में आलू के निर्यात से 7 अरब रुपये कमाए

# सब्जियों का राजा आलू देश की भर रहा तिजोरी

**नई दिल्ली।** भारत ने साल 2023 में आलू के एक्सपोर्ट से 7 अरब रुपये कमाए. जबकि, साल 2022 में यह आंकड़ा 6.1 अरब रुपये था. आपको बता दें, भारत सबसे ज्यादा आलू नेपाल को एक्सपोर्ट करता है.

**सरकार हर साल कितना आलू एक्सपोर्ट करती है-** कृषि मंत्रालय और एपीडा के आंकड़ों के अनुसार, साल 2022-23 में भारत नें 47,41,612 क्विंटल आलू एक्सपोर्ट किया. वहीं 2024 की बात करें तो फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय कृषि मंत्रालय का अनुमान है कि इस बार भारत 58.99 मिलियन टन आलू एक्सपोर्ट करेगा. ये पिछले साल के 60.14 मिलियन टन से कम है।

**आलू के एक्सपोर्ट से देश में कितना पैसा आता है-** एक रिपोर्ट के अनुसार,



भारत ने साल 2023 में आलू के एक्सपोर्ट से 7 अरब रुपये कमाए. जबकि, साल 2022 में यह आंकड़ा 6.1 अरब रुपये था. भारत सबसे ज्यादा आलू नेपाल को एक्सपोर्ट करता है. ट्रेड इकोनामी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 में भारत ने नेपाल को पूरे आलू एक्सपोर्ट का 33 फीसदी हिस्सा निर्यात किया था. इस आलू की कीमत 34 मिलियन यूएस डॉलर थी. इसके बाद दूसरे नंबर पर ओमान था. भारत ने ओमान को 11.8 मिलियन डॉलर के आलू निर्यात किए थे. तीसरे नंबर पर बांग्लादेश है, जिसे भारत नें 10.4 मिलियन डॉलर के आलू एक्सपोर्ट किए थे. इसके बाद नंबर आता है, सऊदी अरब का. सऊदी अरब को भारत ने 10 मिलियन डॉलर के आलू निर्यात किए थे. आपको बता दें, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आलू उत्पादक देश भारत लगभग 35 देशों को आलू एक्सपोर्ट करता है.

**भारत में कहां होता है सबसे ज्यादा आलू-** देश में ऐसे 8 राज्य हैं जहां आलू की खेती सबसे ज्यादा होती है. इसमें पहले नंबर पर उत्तर प्रदेश है. देश में कुल आलू के उत्पादन का 27.43 फीसदी हिस्सा अकेले उत्तर प्रदेश से आता है. इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 84. 42 |
| एक यूरो | 88. 86 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 106 . 86 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 87 |
| एक जापानी येन | 0. 54 |

## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-130 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -82 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 77950 चांदी -93100

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-77950 चांदी -93100

## दाल- चावल भाव

### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 14000-15000, फाइन 150000-16000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17000-17500, चना दाल एवरेज 8800-9000 चना दाल मार्का 9000-9200, मसूर दाल एवरेज 7600-7700, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 9000-9500, फाइन 10000-10500, उड़द धुली 11000-11200, फाइन 12000-12500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-9800, मूंगदाल धुली 10400- 10500, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3500-3600, बेस्ट 3700-3800, बीपीटी चालू 4200-4500, फाइन 4800-5000,एचएमटी-5200-5300 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5800-6000, फाइन 6200-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4500-5000, मोगरा- 5200-5400, दुबार- 5500-5600, तिबार- 6500-7500, बासमती 7000-8500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4350-4450, फाइन 4500-4800, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7500-8000, लाई- 65-68 रु.।

## लोहा भाव


### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6500, 8 एम एम 6180, 10 एम एम 6060,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अभी और रियायतों की जरूरत

*नई दिल्ली। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है. प्रदूषण को कम करने में सहायक माने जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर करों में शत-प्रतिशत छूट देकर दक्षिणी राज्य तेलंगाना ने अन्य प्रदेशों को भी ऐसा ही कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है।*




प्रदूषण की गंभीर समस्या पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बीच एक अच्छी खबर यह भी आ रही है कि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी से वृद्धि होती जा रही है. देश के 26 राज्यों द्वारा बनाई गई इलेक्ट्रिक वाहन नीति तथा केंद्र सरकार द्वारा करों में दी जा रही रियायतों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

इस बात की पूरी संभावना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री खासकर ईवी दोपहिया वाहनों का बाजार अगले दस वर्षों में पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों के बराबर हो जाएगा. अभी जो उत्साहवर्धक बाजार बना है, उससे तो यह लगता है कि पेट्रोल से चलने वाले दोपहिया तथा तीनपहिया वाहनों की बिक्री इलेक्ट्रिक वाहनों के मुकाबले सन् 2035 तक कम हो जाएगी।

इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार बढ़ाने की दिशा में धीरे-धीरे केंद्र तथा राज्य स्तरों पर कदम उठाए जा रहे हैं. इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण की लागत ज्यादा होने से उनकी कीमत अधिक है. इस मोर्चे पर ईवी निर्माता कंपनियों को खास ध्यान देना होगा. एक बात तय है कि भविष्य इलेक्ट्रिक वाहनों का है और वायु प्रदूषण जैसी जानलेवा समस्या पर काबू पाने के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने का उद्देश्य हासिल करने की खातिर इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर देने का प्रयास सभी को करना होगा. तेलंगाना सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

तेलंगाना सरकार की नई ईवी नीति के मुताबिक अगर राज्य का कोई निवासी इलेक्ट्रिक वाहन खरीदता है तो उसे उस पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा।

# एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए आय की घोषणा की

## तिमाही दर तिमाही एबिटा 37.56 प्रतिशत बढ़ा

*नई दिल्ली। एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड , जोकि एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिज़ाइन, विकास और निर्माण में विश्व-स्तरीय अग्रणी है, ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और अर्ध-वार्षिक आय की घोषणा की है।*

30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी के संचालन से राजस्व 156.26 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 1071.46 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 2745.67 लाख रुपये हो गया। एबिटा 37.56 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 281.24 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 386.86 लाख रुपये हो गया। एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 2.79 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 13.97त्न हो गया, जो 1118 आधार बिंदु की वृद्धि है। शुद्ध लाभ 8.18 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 196.52 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 212.59 लाख रुपये हो गया।

कंपनी ने हाल ही में नया पूर्ण स्वामित्व वाला सहायक मिक डिजिटल इंडिया लिमिटेड को शामिल किया है। यह सहायक कंपनी सभी प्रकार के स्मार्ट मीटर, डिजिटल मीटर, छत पर लगे एसी पैकेज यूनिट्स, एकीकृत पावर सप्लाई सिस्टम, मिनी कंप्यूटर, माइक्रोप्रोसेसर आधारित सिस्टम और कंप्यूटर पेरिफेरल्स के निर्माण और व्यापार का कार्य करेगी।

इसके अलावा, बोर्ड ने सदस्यों की मंजूरी के अधीन, 5 साल की अवधि के लिए नॉन-एग्जीक्यूटिव इंडिपेंडेंट केटेगरी में कंपनी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में पेनुमाका वेंकट रमेश की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। पीवी रमेश के पास एशिया पेसिफिक, यूरोप और अफ्रीका सहित क्षेत्रों में सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और कॉर्पोरेट उद्यमों में 40 वर्षों से अधिक का वरिष्ठ कार्यकारी नेतृत्व है।

## निवेशक आईपीओ में कर रहे भारी निवेश, बना रिकॉर्ड

# भारतीय बाजार से नहीं भाग रहे विदेशी

*नई दिल्ली। इस समय भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशकों द्वारा पैसे निकालने का सिलसिला जारी है, खासकर अक्टूबर 2024 से। विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों से रिकॉर्ड रकम निकाल चुके हैं और ये सिलसिला अभी रुका नहीं है।*



वहीं एफपीआई इस पैसे का यूज आईपीओ से मुनाफा कमाने के लिए कर रहे हैं। विदेशी निवेशकों ने आईपीओ (प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव) में भारी निवेश किया है। आंकड़े बताते हैं कि 2024 में अब तक उन्होंने आईपीओ और प्रीफरेंशियल शेयर खरीद में 11.5 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। इससे पहले 2021 में विदेशी निवेशकों ने सबसे अधिक निवेश किया था।

**चिंता, इस लेवल तक पहुंचेगा सोना-** आईपीओ को क्यों बना रहे हैं प्राथमिकता विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी निवेशक अब शेयर बाजार से पैसा कमाने के नए तरीके अपना रहे हैं। वे सेकेंडरी मार्केट से पैसा निकालकर प्राइमरी मार्केट यानी आईपीओ और प्रीफरेंशियल शेयर सेल्स में निवेश कर रहे हैं। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस साल विदेशी निवेशकों की प्राइमरी मार्केट में खरीदारी 11.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है।

**इससे पहले 2021 में बना था रिकार्ड-** विदेशी निवेशकों की आईपीओ बाजार में निवेश का पुराना रिकार्ड साल 2021 में बना था। अब उन्होंने साल 2021 का अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल 2021 में विदेशी निवेशकों ने प्राइमरी मार्केट में 10.8 बिलियन डॉलर लगाए थे। इसके विपरीत इस साल ग्लोबल फंड्स ने इस साल शेयर बाजार के दोनों एक्सचेंजों पर 13 बिलियन डॉलर से अधिक के शेयर बेच दिए हैं।

## बिटक्वॉइन ने बनाया नया रिकॉर्ड, 94 हजार डॉलर के पार

क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में बिटकॉइन ने एक बार फिर से अपनी ताकत दिखाते हुए 94 हजार डॉलर की नई ऊंचाई को छुआ है। यह पहली बार है जब बिटकॉइन की कीमत 94,000 डॉलर के पार पहुंची है। डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद बिटकॉइन की कीमत में 26,000 डॉलर से ज्यादा की बढ़त आई है और अब विशेषज्ञ यह अनुमान लगा रहे हैं कि यह कीमत जल्द ही 1 लाख डॉलर तक भी पहुंच सकती है। इस बढ़त का प्रमुख कारण ट्रंप का क्रिप्टोकरेंसी मार्केट को समर्थन देना और एलन मस्क का भी इसका समर्थन करना है। एलन मस्क की पसंदीदा क्रिप्टोकरेंसी डॉगकॉइन की कीमत भी बढ़ी है। वर्तमान में डॉगकॉइन की कीमत 0.38 डॉलर हो गई है, जो पिछले एक हफ्ते में 1.30 प्रतिशत बढ़ी है। ट्रंप की जीत के बाद डॉगेकॉइन ने निवेशकों को 175 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जबकि पिछले एक साल में इसने 400 प्रतिशत से ज्यादा की कमाई दी है। आने वाले दिनों में डॉगकॉइन की कीमत में और भी इजाफा हो सकता है। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट अब 3 ट्रिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि पिछले 24 घंटे में इसमें 0.42 प्रतिशत की गिरावट आई है लेकिन 5 नवंबर के बाद से इसने 800 बिलियन डॉलर से ज्यादा का इजाफा देखा है।



देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के समग्र विकास का बड़ा कदम



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री
**डॉ. मोहन यादव**
द्वारा

21 नवम्बर, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे
सामाजिक न्याय परिसर उज्जैन, मध्यप्रदेश



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं

- **550** बिस्तरीय शिक्षण अस्पताल
- **24x7** आपातकालीन सेवा
- **150** एम.बी.बी.एस. सीट की प्रवेश क्षमता
- जनरल एवं सुपर स्पेशलिटी ओपीडी



### मेडिसिटी में सुविधाएं

- सुपर-स्पेशलिटी एवं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- डायग्नोस्टिक सेंटर, फार्मेसी
- चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र
- विभिन्न उपचार हेतु वेलनेस केन्द्र
- आयुष अस्पताल
- पैरामेडिकल कॉलेज
- एकीकृत एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा
- ईको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर
- स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #MediCityUjjain